आश्विन कृष्णा पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 220, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 14

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 13

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला मचा हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

# जसपुर में मुठभेड़ बदमाश के पैर में लगी गोली, एक जवान घायल

## सराफा कारोबारी व बेटे से बदमाशों ने लूटी थी ज्वैलरी व नगदी

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** जसपुर में मंगलवार देर रात्रि हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी फरार होने में सफल रहा। बदमाशों से हुई इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हो गया। बदमाश दस दिनों पूर्व सराफा कारोबारी व उसके पुत्र के साथ हुई लूट में शामिल था।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को रात्रि करीब दो बजे पुलिस टीम सूत मिल रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। रुकने पर बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस सकते में आ गई। पुलिस ने भी अपने बचाव में जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिंग के चलते बदमाश भाग खड़े हुए। इस बीच बदमाश के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल हो गया।

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा काशीपुर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही अस्पताल में बदमाश से भी पूछताछ की। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान कुण्डा थानाक्षेत्रांतर्गत ग्राम सरबरखेड़ा निवासी दिलशाद के रूप में हुई है। जो शातिर किस्म का बदमाश है और जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग पर हुई सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना में शामिल है। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल भी घायल हुआ है। विगत 14 सितंबर की शाम मो. जुलाहान, जसपुर निवासी संजीव कुमार वर्मा रेहड़ (बिजनौर) स्थित ज्वैलर्स की दुकान को बंद कर बेटे के साथ लौट रहे थे। जैनेसिस इंटर कॉलेज तिराहे के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनका बैग लूट लिया था। बैग में लगभग 20-25 ग्राम सोने की ज्वैलरी व लगभग 250 ग्राम चांदी का सामान व 50,000 रुपये नगद थे।



मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश से अस्पताल में पूछताछ करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### डीजीपी ने ली मुठभेड़ की जानकारी

**जसपुर :** बाजपुर पहुंचे डीजीपी अभिनव कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा व अन्य अधिकारियों से जसपुर में हुई मुठभेड़ के बारे में जानकारी ली। डीजीपी ने अपराधों की रोकथाम को अधीनस्थों को निर्देश भी दिए। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

# केंद्रीय विद्यालय हरिद्वार के प्रधानाचार्य रिश्वत लेते गिरफ्तार

- सीबीआई ने 30 हजार रुपये लेते रंगे हाथों दबोचा
- संविदा कर्मियों से प्रतिमाह वेतन में से मांग रहा था हिस्सा

**हरिद्वार, अमृत विचार :** सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय भेल (हरिद्वार) के प्रधानाचार्य को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी संविदा कर्मचारियों से प्रतिमाह के हिसाब से रिश्वत मांग रहा था। सीबीआई ने आरोपी के घर और दफ्तर की तलाशी भी ली, जिसमें कई दस्तावेज व अन्य सामग्री बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रिश्वत के संबंध में अरविंद कुमार ने शिकायत की थी। अरविंद दिल्ली की फर्म की ओर से स्कूल में नियुक्त है। उसके अलावा यहां पर अन्य लोग भी माली, गार्ड, सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। अरविंद कुमार पिछले 10 सालों से कार्यरत है और वह संविदा कर्मचारियों के सुपरवाइजर का कार्य भी कर रहा है। आरोप है कि बीते काफी समय से स्कूल का प्रधानाचार्य राजेश कुमार उसे धमका रहा था। प्रधानाचार्य द्वारा प्रत्येक माली, गार्ड और सफाई कर्मचारी के वेतन से कुछ हिस्से की मांग की जा रही थी, ऐसा न करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती थी।

प्रधानाचार्य ने अरविंद कुमार से सभी संविदा कर्मियों से प्रतिमाह 10 हजार रुपये इकट्ठा कर 80 हजार रुपये की मांग की। अरविंद 50 हजार देने पर सहमत हो गया, लेकिन प्रधानाचार्य नहीं माना। तब अरविंद ने सीबीआई से प्रधानाचार्य की शिकायत कर दी। सीबीआई ने ट्रैप टीम बनाकर केंद्रीय विद्यालय हरिद्वार भेज दी। स्कूल में अरविंद ने जैसे ही प्रधानाचार्य राजेश कुमार को 30 हजार रुपये दिए ट्रैप टीम ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद टीम ने राजेश कुमार के ऑफिस व घर की भी तलाशी ली।

## विधानसभा चुनाव

# जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56% से अधिक मतदान



कटरा में एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● एजेंसी

श्रीनगर, एजेंसी

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत वोटिंग

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे चरण में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा 75.29 प्रतिशत मतदान माता वैष्णोदेवी सीट पर हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रतिशत अनुमानित है, क्योंकि हजरतबल और रियासी जैसे कुछ स्थानों पर मतदान अभी जारी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बहस होने जैसी कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

### 16 विदेशी राजदूतों ने किया घाटी का दौरा

दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है। इससे पहले 18 सितंबर को हुए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 80.20 % वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा में 46.99 फीसदी दर्ज की गई थी।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होगी। अदालत ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? अदालत ने कहा कि हालांकि वह इस स्तर पर कोई संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं।

पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए। अगर हमने पाया कि ऐसा नहीं हुआ, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

# अंत्योदय परिवारों को निशुल्क तीन सिलेंडर

**देहरादून, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर राज्य में अंत्योदय राशन कार्डधारकों के लाभार्थियों के लिये वित्त मंत्री ने खजाना खोला है। इस मौके पर वित्त मंत्री ने अंत्योदय राशन कार्डधारकों को दिए जाने वाले मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलेंडर योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया है।

वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत अंत्योदय परिवारों के पुनरूत्थान के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलेंडर देने संबंधी योजना को 2022-23 में लागू किया गया था। यह योजना इस वर्ष मार्च माह में समाप्त हो गई थी।

# देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे। अदालत कक्ष में पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने टिप्पणियों के बारे में 'एक्स' पर आए कुछ संदेशों का उल्लेख किया। सीजेआई ने कहा कि आपने टिप्पणियों की प्रकृति देखी हैं। हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं बुला सकते।

### गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं : सीजेआई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीतया इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# वक्फ विधेयक पर आए 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का यह भी कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है। भाजपा नेता ने इतनी बड़ी संख्या में प्रतिवेदन मिलने को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि इन प्रतिवेदनों के स्रोतों की जांच करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुबे ने कहा कि मेरे विचार से यह महत्वपूर्ण है कि समिति इन चिंताओं पर ध्यान दे।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों 'काले' कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कोई कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका पुरजोर विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने एक वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं। आप फिर से बदमाशी तो नहीं करेंगे? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी?

### कंगना ने अपनी टिप्पणी वापस ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

# नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का अध्यक्ष गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- विधवा से दुष्कर्म और पीड़िता की नाबालिग बेटी से है छेड़छाड़ का आरोप

**अमृत विचार :** पिछले 23 दिनों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रामपुर के चक्कू चौक से गिरफ्तारी उस वक्त हुई, जब वह अपने वकील से मिलने जा रहा था। मुकेश बोरा पर उसी की सहकर्मी विधवा ने दुष्कर्म और अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

मूलरूप से च्यूरीगाड़ (नैनीताल) का रहने वाला मुकेश बोरा पुत्र कुशल सिंह बोरा हल्द्वानी में कृष्णा इन्कलेव हिम्मतपुर मल्ला मुखानी क्षेत्र में किराए पर रहता है। आउटसोर्स में दुग्ध संघ में काम करने वाली एक महिला ने एक सितंबर को लालकुआं कोतवाली में मुकेश और उसके चालक कमल बेलवाल के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि कच्ची नौकरी को पक्का करने के नाम पर उसका दुष्कर्म किया गया और 12 वर्षीय बेटी से छेड़छाड़ की गई। इस मामले में एक सितंबर को मुकदमा दर्ज हो गया, तभी मुकेश फरार हो गया था। तब से पुलिस की पांच टीमें लगातार उसकी तलाश कर रही थीं।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मुकेश ने फरारी के दौरान लगातार अपने ठिकाने बदले। वह उत्तराखंड से भाग कर बरेली, नोएडा, फरीदाबाद, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान में रुका। मंगलवार 24 सितंबर को वह कोर्ट से स्टे लेने के लिए अपनी वकील से मिलने जा रहा था। पीछे लगी पुलिस टीमों ने मोबाइल सर्विलांस और सीसीटीवी के जरिये उसे ट्रैक किया और उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित चक्कू चौक से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार रुपये इनाम की घोषणा की है।

### परिवहन कर अधिकारी व नेत्री पत्नी समेत चार पर गाज

**हल्द्वानी :** मुकेश बोरा को फरारी में मदद करने वाले परिवहन कर अधिकारी व उसकी नेत्री पत्नी समेत चार लोगों पर पुलिस की गाज गिरी है। इसमें परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद आर्या व उसकी नेत्री पत्नी आशा रानी निवासी मल्ली दीनी पहाड़पानी नैनीताल, कांग्रेसी नेता देवेंद्र चनौतिया निवासी नौकुचियाताल (नैनीताल) व प्रॉपर्टी डीलर सुरेन्द्र सिंह परिहार निवासी अल्चोना, चाफी (नैनीताल) हैं। चारों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 212 (249 बीएलएस) की कार्यवाही की गई है।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्चिक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।



अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

## सार-संक्षेप

### राजीव भगत के निधन पर जताया शोक



**भीमताल, अमृत विचार :** भक्त्यूडा (भीमताल) निवासी राजीव भगत का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक छा गया। राजीव भगत साधन सहकारी समिति भवाली, नैनीताल में कार्यरत थे। उनके निधन पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, संजीव भगत, नवीन क्वीरा सहित अन्य लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

राजीव भगत।

### निर्माण कार्य के लिए रुपये लेकर फरार होने के आरोप

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक अधिवक्ता ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पर एडवांस रकम लेकर फरार होने के आरोप लगाए है। उसकी ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मल्लीताल निवासी एक अधिवक्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसे अपने चेंबर के भीतर कुछ निर्माण व अन्य मरम्मत कार्य करवाने थे। जिसको लेकर एक ठेकेदार ने उसने मुलाकता की और पूरे कार्य के 1.60 लाख का खर्च होने की बात कही। जिस पर उसने ठेकेदार को 60 हजार एडवांस ऑनलाइन भुगतान भी कर दिए। कुछ दिनों तक काम करने के बाद उसने काम रोक दिया। फोन करने पर काम करने में टालमटोली करता रहा। करीब एक माह पूर्व वह उसके चेंबर में ताला लगाकर चला गया। अब उससे संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।




नैनीताल में स्वच्छता की शपथ लेते क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### मां नयना देवी युवा क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनीताल :** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में मां नयना देवी युवा क्लब ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी योगेश कुमार के मार्गदर्शन में नैनीताल झील के किनारे की साफ – सफाई की गई। साथ ही बोट हाऊस क्लब के पार्क एवं डीएसए मैदान में भी सफाई कर स्थानीय लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के बाद स्वच्छता को लेकर प्रतिज्ञा ली गई। जिसमें नैनीताल के एनवाईसी अजय कोहली ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अजय कोहली, आरती, पूजा, खुशबू, आरती, भूमि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामनगर से भी चलेगी वंदे भारत ट्रेन

## सांसद बलूनी बोले- धनगढ़ी, पनोद नालों पर अगली बरसात से पहले बन जाएंगे पुल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व क्षेत्रीय सांसद अनिल बलूनी ने कहा है कि अगली बरसात से पहले नेशनल हाईवे 309 स्थित धनगढ़ी व पनोद नालों पर पुल बनकर चालू हो जाएंगे। उन्होंने रामनगर से हरिद्वार तक वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर भी सहमति जताई।

बुधवार को गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी रामनगर पहुंचे। रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बलूनी के साथ पूर्व सांसद बलराज पासी, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट भी मौजूद रहे। सांसद अनिल बलूनी ने लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनके द्वारा बताए मार्ग पर पर चलने का संकल्प लिया। सांसद बलूनी ने कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाले धनगढ़ी एवं पनोद नाले पर पुल निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर कार्य में गुणवत्ता व समय का ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा पनोद व धनगढ़ी में कार्य कर रहे मजदूर अब सूर्यास्त तक काम कर सकेंगे। इसके लिए कार्बेट के अधिकारियों से बात की गई है। जब कार्य लंबा हो तो सुरक्षा की दृष्टि से उस दिन वन कर्मी तैनात रहें। उन्होंने कहा कि रामनगर के थारी क्षेत्र में स्थित इंटर कॉलेज को उन्होंने गोद लिया है।

कहा कि आने वाले कुछ दिनों में वह स्कूल देश के सबसे अच्छे इंटर कॉलेज में होगा। उन्होंने बेदखली नोटिस के सवाल पर कहा कि जहां लोगों के विस्थापन की जरूरत है वहां विस्थापन किया जाए और जहां लोग लंबे समय से रह रहे हैं उन लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं अवश्य मिलें। इसके लिए वन विभाग से बात कर

सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। सांसद बलूनी ने कहा कि रामनगर से बंद पड़ी सभी ट्रेनों को शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामनगर से हरिद्वार के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को शुरू कराया जाएगा। रामनगर के सरकारी अस्पताल के पीपीपी मोड पर चलाने की अवधि को बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता कर इसका समाधान किया जाएगा।




रामनगर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद अनिल बलूनी, विधायक दीवान सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व सांसद बलराज पासी, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, मालधन मंडल दीपा भारती, आशा बिष्ट, भावना भट्ट, नीमा मठपाल, भगीरथ लाल चौधरी, संजय डॉर्बी, गणेश रावत, जगमोहन बिष्ट, आशीष ठाकुर, विपिन कांडपाल, पारस गोला मौजूद रहे।

# प्रशासन की टीम ने आधार केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ **किसी का पंजीकरण बंद तो कोई निर्धारित समय पूर्व ही मिला बंद**

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की टीम ने विभिन्न आधार केंद्रों का निरीक्षण किया तो भारी खामियां सामने आईं। कहीं आधार केंद्र का पंजीकरण बंद मिला तो कहीं केंद्र ही निर्धारित समय पूर्व बंद कर दिया गया था। संबंधित केन्द्र संचालक व जिम्मेदारों को नोटिस भेज अनियामितताओं को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

बुधवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने भीमताल बैंक ऑफ बड़ौदा में स्थापित आधार केंद्र का निरीक्षण किया। जहां केंद्र का पंजीकरण 11 सितंबर से बंद मिला। हालांकि एक से दस सितंबर तक केंद्र में 152 आधार कार्ड बनाए गए थे। पूछताछ में सामने आया कि इस संबंध में यूआईडीआई को तो मेल कर सूचना दे दी थी, मगर ई-डिस्ट्रिक्ट स्तर पर कोई सूचना नहीं दी गई, जिस कारण आधार कार्ड बनवाने व संसोधन को पहुंच रहे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। बताया कि उन्होंने तत्काल ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को फोन कर इसे दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। इधर नैनीताल में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की अगुवाई में टीम ने शहर स्थित चार केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्र समय से पूर्व ही बंद कर दिए गए थे। वरुणा अग्रवाल ने बताया कि केंद्र को सुबह दस से शाम पांच बजे तक खोले रखने का समय निर्धारित है। समय से पूर्व केंद्र बंद करने पर संबंधित ईकाई संचालकों को नोटिस जारी किये जा रहे हैं।

### 13 यात्री आदि कैलास-ओम पर्वत यात्रा के लिए रवाना

**भीमताल, अमृतविचार :** केएमवीएन द्वारा संचालित आदि कैलास यात्रा का 13 सदस्यीय दल भीमताल के टीआरसी से यात्रा के लिए रवाना हुआ। दल में 13 यात्री शामिल हैं। यात्रियों में 11 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। भीमताल पहुंचने पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रबंधक संजय कुमार ललित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से झील में गिरा शिक्षक

▸▸ **नाव चालकों ने सुरक्षित बाहर निकाला, बाइक सवार को पकड़ा, नहीं दी तहरीर**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक शिक्षक को टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक झील में जा गिरा। काफी मशक्कत के बाद दो नाव चालकों ने शिक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

बुलंदशहर स्थित इंटर कॉलेज के छात्रों का दल भीमताल घूमने आया था। दल में शामिल छात्र और शिक्षक झील के किनारे जानकारी प्राप्त कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने शिक्षक सुनील कुमार शर्मा को टक्कर मार दी। जिससे वह झील में गिर गये। घटना के बाद छात्रों ने शोर मचाया तो बाइक सवार को पकड़ लिया गया। इस बीच नाव संचालक रफीक उल्ला और सलीम उल्ला ने तुरंत झील में से शिक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि बाइक सवार युवक और उसके साथियों ने उनसे बदसलूकी की। जिससे स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने युवक को थाने ले जाकर दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नए मानकों के आधार पर तैनात होगी पुलिस

▸▸ **डीजीपी अभिनव कुमार बुधवार सांय पहुंचे नैनीताल, मां नयना देवी के दर्शन किये**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** डीजीपी अभिनव कुमार बुधवार की सांय सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम मां नयना देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। डीजीपी तीन दिवसीय कुमाऊं भ्रमण पर हैं।

वह चार जनपदों के पुलिस अधिकारियों से अलग-अलग मुलाकात कर अपराध की समीक्षा करेंगे। साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनेंगे। इसके अलावा आम जन के साथ मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनेंगे। नैनीताल पहुंचकर डीजीपी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कुमाऊं मंडल पर्यटन, तीर्थाटन और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी के घर हुई 50 करोड़ की चोरी के मामले में डीजीपी ने कहा कि केवल मीडिया के माध्यम से चोरी की जानकारी उन तक पहुंची है। फिलहाल किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई है। अगर शिकायत आती है तो उसी आधार पर कार्रवाई होगी। उत्तराखंड में रिक्त चल रहे पुलिस के पदों के मामले पर डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में 28,000 पद सृजित हैं। जिनके सापेक्ष में 24,000 पदों पर जवान तैनात हैं। ढाई हजार पदों पर दरोगा, अग्निशमन अधिकारियों की भर्तियां चल रही है। उत्तराखंड के सभी थानों और चौकियों में पुलिस बल पुराने मानकों के आधार पर तैनात है। काम की चुनौतियों के आधार पर नए मानक तैयार किया जा रहे हैं। शासन से विचार वमर्श के बाद सभी थानों और चौकियों में संख्या बल बढ़ाने के नये मानक तैयार किए जाएंगे।



मां नयना देवी के दर्शन करते डीजीपी अभिनव कुमार। ● अमृत विचार

### अपराध समीक्षा बैठक आज

**हल्द्वानी :** डीजीपी अभिनव कुमार गुरुवार को हल्द्वानी पहुंचेंगे। यहां वह अपराध समीक्षा बैठक करेंगे और फिर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में व्यापार मंडल और नागरिकों के साथ जनसंवाद करेंगे। पुलिस मीडिया सेल के मुताबिक डीजीपी सुबह साढ़े 11 बजे हल्द्वानी पहुंचेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के बाद वह पत्रकारों से रूबरू होंगे और दोपहर ढाई बजे सर्किट हाउस में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले की समीक्षा बैठक लेंगे।

# उत्तराखंड में दो स्थानों पर बनेगी फिल्म सिटी

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ **कुमाऊं में नैनीताल और गढ़वाल के लिए जल्द स्थान होगा चयनित**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के पूर्व सदस्य सुदर्शन शाह की अध्यक्षता में नैनीताल राज्य अतिथि गृह में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सुदर्शन शाह ने बताया बीते दिनों देहरादून में अपर निदेशक सूचना के साथ हुई फिल्म बोर्ड की बैठक में राज्य में दो स्थानों पर फिल्म सिटी केंद्र खोलने पर सहमति बनी है। जिसमें से एक केंद्र 2016 में तत्कालीन सीएम हरीश रावत की घोषणा के आधार पर पटवाडांगर और दूसरा गढ़वाल मंडल में खोला जाएगा। बैठक में फिल्म नीति 2023 पर चर्चा की गई। फिल्म बोर्ड के पूर्व सदस्य सुदर्शन शाह ने बताया कि पटवाडांगर क्षेत्र में करीब 103 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी बनेगी। जहां पर आने वाले समय में फिल्म की शूटिंग होगी। जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही फिल्मों के जरिए उत्तराखंड की लोक पारंपरिक संस्कृति भी देश-विदेश तक पहुंचेगी।

कहा कि उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, उपकरण खरीदने और कुमाऊनी, गढ़वाली व जौनसारी फिल्म की शूटिंग के लिए राज्य सरकार 2 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दे रही है। लेकिन फिल्म सिटी न होने से इसका लाभ उत्तराखंड के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान इदरीश मलिक, ओपी ढौंढियाल, हरीश राणा, राजेश आर्या, डॉ. मोहित सनवाल, अनिल घिल्डियाल, मंजूर हुसैन, मिथिलेश पांडे, अजय पवार, मदन मेहरा, मो. खुर्शीद, अरुण कुमार साह, दीपक, विवेक आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद फिल्म निर्देशक और कलाकार। ● अमृत विचार

# जू रोड में इलेक्ट्रिक वाहन चलाएं

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर के लिए वाहनों के परमिट जारी करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने नगर पालिका के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए इंडिया होटल से जू रोड तक चार इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की अनुमति दी है।

कोर्ट ने बाकि वाहनों को जू के लिए प्रतिबंधित किया है। मामले के अनुसार पूर्व में दायर एक जनहित याचिका में नगर पालिका ने प्रार्थनपत्र देकर कहा कि कोर्ट के आदेश पर नैनीताल शहर के लिए आरटीओ के द्वारा नए परमिट जारी नही किए जा जाएंगे। जू के लिए जो वाहन लगे हुए थे उनका परमिट समाप्त हो गया है। अब नगर पालिका इलेक्ट्रिक वाहन चलाने के लिए टेंडर आवंटित करना चाह रही है लेकिन कोर्ट के आदेश पर आरटीओ ने नैनीताल शहर के लिए नए टैक्सी वाहनों के परमिट पर पाबंदी लगा दी है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जू के लिए चार इलेक्ट्रिक वाहनो के परमिट जारी करने के निर्देश आरटीओ को दिए हैं। साथ मे कोर्ट ने कहा कि शहर के हर डस्टबिन की नियमित सफाई करें। शहर बहुत सुंदर है। इसकी आबरू बचाना हमारे हाथों में है।

### पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर सरकार से मांगा जवाब



**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली और उसके फलस्वरूप पुलिस कर्मियों में व्याप्त तनाव के मामले में प्रदेश सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। अजय नारायण शर्मा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य में पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली खराब है। राज्य बनने के बाद भी इसमें सुधार नहीं हुआ है। पुलिस कर्मियों के काम के घंटे तय नहीं हैं। उन्हें लंबे समय तक ड्यूटी करनी पड़ती है। न ही सप्ताह में अवकाश तय है। इसके चलते पुलिस कर्मियों में मानसिक तनाव बना रहता है। इसके फलस्वरूप पुलिस कर्मी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले रहे हैं या उन्हें अन्य झंझावातों से जूझना पड़ रहा है। याचिका में अन्य बिंदुओं को भी उठाया गया है।

### स्कूटी से टकराकर अधेड़ घायल

**नैनीताल :** नैनीताल की मॉलरोड में देर रात एक स्कूटी से टकराकर अधेड़ घायल हो गया। घायल अधेड़ को बीडी पांडे अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी जमील देर शाम आठ बजे मॉलरोड में टहल रहे थे। इस दौरान वहां से निकल रही एक स्कूटी से टकराकर वह सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से व्यक्ति के सिर में गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने घायल व्यक्ति को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसको प्राथमिक उपचार के बाद ही हालत गंभीर होने के कारण घायल को रेफर कर दिया गया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि व्यक्ति का हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# जर्जर रास्ते पर बंदर और छुट्टा जानवर से परेशानी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में अध्ययनरत नौनिहालों व शिक्षकों के लिए स्कूल आना-जाना मुसीबत बना है। रातीघाट- बेतालघाट मोटर मार्ग से सात सौ मीटर उबड़ खाबड़ रास्ता तथा आवारा पशुओं व बंदरों के झुंड बच्चों के लिए खतरा बने हैं।

पीएम श्री जीआईसी धनियाकोट में आसपास के गांवों के ढाई सौ से भी अधिक बच्चे पढ़ते हैं। ये नौनिहाल खतरे भरे उबड़ खाबड़ रास्ते को पार कर बमुश्किल विद्यालय पहुंच रहे हैं। बारिश में खतरा बढ़ जाता है। बदहाल हो चुके विद्यालय की जनप्रतिनिधि भी सुध नहीं ले रहे। बंदरों व गांवों से छोड़े गौवंशीय पशुओं के झुंड बच्चों के लिए परेशानी बने हुए हैं। कई बच्चों तो कटखने बंदर घायल भी कर चुके हैं। बढ़ते खतरे से विद्यालय प्रबंधन भी चिंतित हैं।

कई बार ग्रामीणों से गोवंशीय पशुओं को विद्यालय परिसर में न छोड़ने को कहा गया है लेकिन पशुपालक अनसुनी कर रहे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता कृपाल सिंह मेहरा के अनुसार बंदरों से खतरा बढ़ गया है। रास्ता भी खस्ताहाल है। ऐसे में कभी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रधानाचार्य शशि प्रकाश यादव के अनुसार मामले को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया गया है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

**परेशानी** | 10 में से पांच मामलों में फोन का अधिक प्रयोग बन रहा वजह, 10 जून से अब तक 52 मामले आये सामने

# सोशल मीडिया से रिश्तों में दरार, काउंसलिंग से सुलझ रही तकरार

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया जहां पुराने रिश्तों को जोड़ रहा है, वहीं नये रिश्तों को खत्म कर उनमें गलतफहमी का जहर भी घोल रहा है। इसका अधिक प्रयोग करने और अपने करीबियों को अनदेखा करने का असर अब वैवाहिक जीवन में भी बढ़ता दिख रहा है। इससे हो रही अनबन को लेकर वैवाहिक जोड़े आये दिन काउंसलिंग के लिए महिला हेल्पलाइन और वन स्टॉप सेंटर में पहुंच रहे हैं।

बीती 10 जून से अब तक 52 मामले सामने आये हैं, इनमें से 22 ऐसे मामले हैं जिनमें पति-पत्नी और वो की भूमिका सोशल मीडिया के कारण पैदा हुई है। मनोवैज्ञानिक का मानना है कि सोशल साइट्स के ज्यादा इस्तेमाल से विवाहित दंपति की लाइफ पूरी तरह प्रभावित हो रही है। 10 में से 5 मामले ऐसे हैं, जिनमें पति-पत्नी एक-दूसरे से फोन के अधिक प्रयोग से नाराज होकर आपस में झगड़कर थाने पहुंच जाते हैं। मनोचिकित्सक के पास आ रहे सभी मामलों में एक बात सामान्य है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग शादी के पहले से कर रहे हैं। ज्यादातर मामले एक से दो साल पुरानी शादी वाले हैं। ऐसे रिश्तों में खटास आने का कारण शादी के पहले की महिला या पुरुष मित्रों की ओर से फेसबुक और वाट्सएप पर बातचीत करना है।

**केस 1** सुभाष नगर क्षेत्र की एक महिला ने वनस्टॉप सेंटर में कॉल कर बताया कि उसके पति दिन-रात फोन पर लगे रहते हैं। जब उनसे बात करने का प्रयास करती हूं तो गुस्सा करते हैं। इस पर पति-पत्नी को वन स्टॉप सेंटर बुलाकर काउंसलिंग करवाई गई। जहां सामने आया कि दोनों के बीच विवाद फोन पर रील्स और फेसबुक पर चैटिंग के कारण उपजा है। इसके बाद दोनों को फोन के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। बमुश्किल दोनों को समझाया जा सका।

**केस 2** कमलुवागांजा की एक युवती ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले गोरापड़ाव के युवक से हुई है। शादी के कुछ समय बाद युवक की मुलाकात फेसबुक पर पुरानी क्लासमेट से हुई। इसके बाद से वह उससे ज्यादा बात कर रहा है। इसके चलते वह घर पर चिड़चिड़ा व्यवहार कर रहा है। महिला और उसके पति को साथ बैठाकर काउंसलिंग की गई। इसके बाद पति ने अपनी गलती को स्वीकार किया।

**केस 3** रामनगर निवासी महिला ने बताया कि दो माह से उसके पति की ओर से उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। जब दोनों को काउंसलिंग के बुलाया गया तो पता चला कि महिला अपने परिजनों और सहेलियों से अधिकतम समय वीडियो कॉल पर व्यस्त रहती है। ऐसे में कई बार वह घर के कामों में भी लापरवाही करने लगती है। इस पर जब महिला को समझाया गया तो पहले वह नहीं मानी, फिर जब काउंसलिंग हुई तो दोनों में सुलह हो गई।

**केस 4** बनभूलपुरा निवासी युवती ने बताया कि उसकी शादी काठगोदाम निवासी युवक से छह माह पहले हुई थी। तबसे दोनों के बीच फोन के पासवर्ड को लेकर झगड़ा होते रहा है। पत्नी ने बताया कि उन्हें पति पर इस बात को लेकर शक है कि कहीं वह किसी दूसरी महिला से बात कर रहे हैं। महिला ने बताया कि फोन पर सभी एप भी लॉक हैं। इस पर पति का फोन चैक करवाया गया। तब दोनों में सुलह हुई।

> सखी वन स्टॉप सेंटर में कई ऐसे मामले पहुंचे हैं, जिनमें पति-पत्नी सोशल मीडिया और फोन के अत्यधिक प्रयोग के कारण लड़कर पहुंचते हैं। इन्हें बुलाकर काउंसलिंग कराई जाती है और समझाया जाता है।
> **- नीलम नाथ**, संचालिका, वन स्टॉप सेंटर हल्द्वानी।

> सोशल मीडिया का बहुत अधिक प्रयोग स्वभाव में बदलाव लाता है। कई बार यह दाम्पत्य जीवन के लिए भी कलह की वजह बन जाता है। काउंसलिंग में कई बार ऐसे पति-पत्नी मिलते हैं जो एक-दूसरे से मात्र अधिक फोन चलाने और वर्चुअल फ्रेंडशिप से भी नाराज हैं।
> **- डॉ. युवराज पंत**, मनोवैज्ञानिक

### हैंडबॉल टीम के लिए 12 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले की पुरुष हैंडबॉल टीमों का चयन आदर्श इंटर कॉलेज बिंदुखता में किया गया। चयन के लिए हुए ट्रॉयल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 38 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयनित टीम 27 से 29 सितंबर तक देहरादून में खेल निदेशालय और उत्तराखंड हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयनित खिलाड़ियों में कमल कुमार, सचिन, विशाल, गणेश धपोला, अमित देवरानी, गोकुल धपोला, मोनू बिष्ट, कमल, सुनील टम्टा, गोविंद, धीरज, तरूण, चंदन शामिल हैं। टीम के कोच गोविंद सिंह परिहार हैं। चयन समिति में सचिन, गणेश, गोविंद परिहार आदि थे।

### अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों को जोड़ने वाले सिमराड़ –खलाड़ –पांगकटारा मोटर मार्ग पर जजूला क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए डीएम वंदना सिंह को ज्ञापन भेज कार्रवाई की मांग की है। बताया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों की शह पर तस्कर धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। धनियाकोट निवासी कृपाल सिंह मेहरा ने डीएम को ज्ञापन भेज अवैध खनन के काले कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है। कहा है ति खनन तस्कर पत्थर व उपखनिज की चोरी कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। बेतरतीब खनन से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। तस्कर रातों को भारी-भरकम लोडर मशीन से खदान कर उपखनिज व पत्थर बाहरी बिल्डरों को बेच रहे हैं। उन्होंने डीएम से टीम का गठन कर छापेमारी करवाने की मांग की है।

### शिक्षक संगठन ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाई है। संगठन के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) की जगह पुरानी पेंशन बहाल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए निर्णय लेने की अपील की है। जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन सिंह बिष्ट ने कर्मचारियों की मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

# दुग्ध संघ की सरपरस्ती और नेताओं के संरक्षण में काटी फरारी

## धारी की ब्लॉक प्रमुख, उसके पति परिवहन कर अधिकारी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष, प्रॉपर्टी डीलर और एक कांग्रेस नेता का मिला संरक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर बला आई तो दुग्ध संघ कर्मी उसके सरपरस्त बन गये। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने निष्कासन के बावजूद उसे संरक्षण दिया और इन संरक्षणकर्ताओं में एक कांग्रेस नेता भी शामिल है। अभी कुछ और मददगारों के नाम सामने आने बाकी है। इन सभी की मदद से मुकेश 23 दिनों तक पुलिस की आंखों में धूल झोंकता रहा, लेकिन अब मुकेश पुलिस के चंगुल में है और सरपरस्त पुलिस के रडार पर।

कहने को मुकेश बोरा दुग्ध संघ का सरपरस्त था, लेकिन जब उस पर परेशानी आई तो दुग्ध संघ में काम करने वाले उसके सरपरस्त बन गए। 17 सितंबर तक कोर्ट ने मुकेश बोरा की गिरफ्तारी पर सशर्त रोक लगाई थी। उसे लगातार अल्मोड़ा कोतवाली में हाजिरी देने और पुलिस जांच में सहयोग करना था। गिरफ्तारी स्टे खारिज होने से पहले उसने फिर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया, जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। इसका ऑर्डर तो नहीं आया, लेकिन मुकेश को भनक लग गई और वह कोर्ट के आदेश को ताक पर रखकर फरार हो गया। अल्मोड़ा से निकलते ही 18 सितंबर को वह धारी की ब्लॉक प्रमुख आशा रानी और उसके पति परिवहन कर अधिकारी नंदन सिंह आर्या से मिलने उनके घर पहुंचा। उसने भीमताल नगर पालिका के निर्वतमान चेयरमेन देवेंद्र सिंह चनौतिया और प्राप्टी डीलर सुरेंद्र सिंह परिहार से भी मुलाकात की। देवेंद्र सिंह चनौतिया और सुरेंद्र सिंह परिहार ने टैक्सी मुहैया कराई। हल्द्वानी छोड़ने से पहले उसने दुग्ध संघ में अपने करीबियों से कई सिम लिए और भोजीपुरा पहुंच गया। इन करीबी संघ कर्मियों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, लेकिन किसी ने मुंह नहीं खोला। मुकेश भोजीपुरा से ई-रिक्शा में बैठा और बरेली पहुंच गया। फिर लखनऊ, नोएडा, फरीदाबाद, दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान और लौटकर उत्तर प्रदेश के रामपुर पहुंचा, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**23** दिनों तक पुलिस की आंखों में धूल झोंकता रहा मुकेश बोरा, अब सरपरस्त पुलिस के रडार पर

**18** सितंबर को ब्लॉक प्रमुख आशा रानी व उसके पति परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या से मिलने उनके घर पहुंचा



पुलिस की गिरफ्त में महिला से दुष्कर्म का आरोपी मुकेश बोरा। ● अमृत विचार

- दुग्ध संघ में जिनकी नौकरी लगवाई उन्होंने निभाई मुकेश बोरा से ईमानदारी
- दुग्ध संघ कर्मियों ने उपलब्ध कराये कई सिम, पुलिस के आगे मुंह रखा बंद

### दुग्ध संघ में नौकरी कर रहा है आधा च्यूरी गाड़

मुकेश बोरा मूलरूप से च्यूरी गाड़ धारी का रहने वाला है। वह इसी क्षेत्र से अपनी राजनीतिक पृष्ठ भूमि का तानाबाना बुन रहा था। दुग्ध संघ में अपने कार्यकाल के दौरान उसने बड़ी संख्या में अपने रिश्तेदारों, करीबियों और च्यूरी गाड़ के लोगों की दुग्ध संघ में नौकरी लगाई। इन्हीं लोगों ने उसे अपने सिम और मोबाइल उपलब्ध कराए, जो फरारी के दौरान उसके काम आये। हल्द्वानी की एक लड़की ने भी उसे अपनी आईडी पर सिम दिलाया। मुकेश एक मोबाइल का एक या दो बार ही प्रयोग करता और फिर फेंक देता था। फोन पर वह अपने करीबियों से किसी तीसरे व्यक्ति के जरिये बात करता था।

### कब क्या हुआ

- 1 सितंबर को मुकेश बोरा के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ।
- 2 सितंबर को पीड़ित के 164 के बयान दर्ज हुए।
- 3 सितंबर को पीड़िता ने आत्मदाह की चेतावनी दी।
- 4 सितंबर को मुकेश बोरा ने एडीजी न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया।
- 6 सितंबर को जिला सत्र न्यायाधीश ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज की।
- 7 सितंबर को गिरफ्तारी के लिए पुलिस की सात टीमें गठित।
- 10 सितंबर को न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ।
- 17 सितंबर को मुकेश बोरा मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई।
- 18 सितंबर को हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक संबंधी याचिका खारिज की।
- 19 सितंबर को भीमताल में मुकेश बोरा देखा गया और बोरा के दो अन्य घरों पर कुर्की का नोटिस चस्पा हुआ।
- 21 सितंबर को अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्टने खारिजकी।
- 24 सितंबर को रामपुर के चक्कू चौक से गिरफ्तार किया गया।

### अध्यक्ष पद को लेकर संशय की स्थिति

**लालकुआं :** मुकेश बोरा की गिरफ्तारी के बाद अब दुग्ध संघ अध्यक्ष पद को लेकर संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संघ का अगला अध्यक्ष कौन होगा? इस संबंध में डेरी निबंधक से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर नॉट रीचेबल था। बोरा की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में दुग्ध संघ अध्यक्ष पद को लेकर तमाम चर्चाएं हो रही हैं।



दुष्कर्म के आरोपी मुकेश बोरा की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसएसपी व अन्य।

### 20 लोगों की पुलिस टीम ने 24 दिन में की गिरफ्तारी

मुकेश बोरा एक सितंबर से पुलिस से आंख मिचौली खेल रहा था। 20 लोगों की टीम 23 दिनों से उसके पीछे लगी थी। 24वें दिन पुलिस को सफलता मिली। टीम में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र आर्या, सीओ सिटी नितिन लोहनी, लालकुआं कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल, रामनगर कोतवाल अरुण सैनी, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, एसआई गौरव जोशी, एसआई अनीश अहमद, एसआई सोमेन्द्र सिंह, एसआई दिनेश जोशी, एसआई वंदना चौहान, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह रौतेला, ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल गुरमेज सिंह, चंदन नेगी, अनिल शर्मा, अशोक कम्बोज, लक्ष्मण राम, बलवंत सिंह व अनिल गिरी थे। एसएसपी ने टीम को ढाई हजार रुपये का इनाम दिया है।

### काबू में आया टैक्सी चालक तो खुलने लगे राज

भोजीपुरा छोड़ने के दौरान मुकेश की परिवहन कर अधिकारी और प्रापर्टी डीलर से लगातार टैक्सी चालक के मोबाइल से बात हो रही थी। पुलिस को इसकी भनक लग चुकी थी, लेकिन जब तक पुलिस मुकेश को पकड़ पाती वह फरार हो चुका था। हालांकि टैक्सी का नंबर ट्रेस हो चुका था। पुलिस ने टैक्सी चालक से उसके मोबाइल पर संपर्क किया और भागने पर फंसने का डर दिखाया। कहा कि वह पास में मौजूद चौकी या थाने पहुंचे। जिसके बाद वह पुलभट्टा थाने पहुंचा और यहां पुलिस के सामने चालक तोते की तरह सारे राज खोलने लगा।

### टैक्सी पकड़ी गई तो मुकेश ने बदला पैंतरा

टैक्सी चालक के पकड़े जाने की भनक मुकेश को लग चुकी थी। वह समझ चुका था कि अगर उसने निजी वाहन का इस्तेमाल किया तो पकड़ा जाएगा। टैक्सी छोड़ते ही वह टुकटुक पर सवार हुआ और फिर सार्वजनिक यातायात जैसे परिवहन की बस आदि का इस्तेमाल करते हुए एक शहर से दूसरे शहर और इस राज्य से दूसरे राज्य तक फरारी काटता रहा। बड़ी बात यह है कि फरारी के दौरान वह किसी होटल में नहीं रुका। क्योंकि अगर वह होटल में रुकता तो उसे अपनी पहचान जाहिर करनी पड़ती, ऐसे में पकड़े जाने का खतरा था।

### आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 33.2° | 26.3° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.03 | सूर्यास्त 18.03 |

### एक नजर

#### सहायक अध्यापकों की काउंसलिंग कल

**हल्द्वानी :** प्राथमिक शिक्षा में सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने के लिए वर्तमान में नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत जिले में गुरुवार से तृतीय काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी एचबी चंद ने सभी उप शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के प्राचार्य को सुबह 10 बजे विकास भवन में उपस्थित होने को कहा है।

#### सीएचसी में स्थायी बाल रोग विशेषज्ञ तैनात

**कालाढूंगी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटाबाग में लंबे समय से बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग चल रही थी। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को भाजपा नेता अनुराग पांडे ने स्वास्थ्य महानिदेशक तारा आर्या के समक्ष रखा। उन्होंने तत्काल समस्या का संज्ञान लेते हुए विभाग को जल्द की चिकित्सक की तैनाती करने के आदेश दिये। जिसके बाद बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल से बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश सिसोदिया को स्थानांतरित कर सीएचसी में भेज दिया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। डॉ. सिसोदिया ने बताया कि वह सप्ताह में दो दिन सीएचसी कालाढूंगी में अपनीसेवाएं देंगे।

# मौत के मामले में मलिक की बहू पर केस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### मुकदमा

- बनभूलपुरा हिंसा मामले में बेटा भी बंद है नैनीताल जेल में
- 17 अगस्त को बरेली रोड पर टक्कर मार कर भागी थी बहू

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मामले में जेल में बंद अब्दुल मलिक की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक अन्य मामले में अब उसकी बहू के खिलाफ भी हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो गया है। उस पर एक छात्र को कार से कुचल कर मारने का आरोप है। मलिक का बेटा भी पहले से ही जेल में बंद है। जबकि मलिक की पत्नी को बमुश्किल ही जमानत मिली है।

पुलिस को दी तहरीर में अंबेडकर नगर वार्ड 27 बरेली रोड निवासी रेखा पत्नी स्व. रविंद्र कुमार ने लिखा कि बीती 17 अगस्त की दोपहर उनका बेटा भानु सागर पुत्र स्व. रविन्द्र कुमार सागर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय की ओर गया था।

बताया कि वह अपने दोस्त के घर स्कूल कार्य की कापी लेने जा रहा था। तभी कार संख्या यूके04 एएफ 9828 की महिला चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। बुरी तरह लहूलुहान भानु को मौके पर मौजूद लोगों ने डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान 19 अगस्त को उसकी मौत हो गई।

रेखा का आरोप है कि कार वार्ड नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी आईशा पत्नी अब्दुल मोईद चला रही थी। अब्दुल मोईद, अब्दुल मलिक का बेटा है और वह भी पिता के साथ जेल में बंद है। इधर, कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ तेजी व लापरवाही से कार चलाकर किसी की जान लेने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## जिले में डेंगू के तीन संदिग्ध मरीज मिले

**हल्द्वानी :** बुधवार को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डेंगू के दो संदिग्ध मरीज भर्ती हुए हैं। वहीं एक संदिग्ध मरीज बेस अस्पताल में भर्ती हुआ है। तीनों मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये हैं। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि बेस अस्पताल में डेंगू के दो एलाइजा पॉजिटिव मरीज भर्ती हैं। जिनकी सेहत में पहले से सुधार है। जिले में अब तक डेंगू के 25 मामले सामने आये हैं। इनमें से पांच नैनीताल तथा अन्य बाहरी जिलों के हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सोर्स रिडक्शन व फॉगिंग कार्य कर रही हैं।

## जीजीआईसी में गणित विषय व एनसीसी शुरू

**कालाढूंगी:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग में 10वीं के बाद 11वीं और 12वीं कक्षा में गणित विषय न होने से छात्राओं को अन्य विद्यालय में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता था। जिस कारण छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ी थी।

इस संबंध में भाजपा नेता अनुराग पांडे ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से विद्यालय में गणित विषय एवं एनसीसी शुरू करने की मांग की। जिस पर मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने विद्यालय में गणित विषय एवं छात्राओं के लिए एनसीसी शुरू करने के आदेश जारी किये हैं।

# उपखनिज ढोने वाले वाहनों में अब जीपीएस लगाना अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड शासन ने खनिज नियमावली में संशोधन किया है। शासन ने बुधवार को उत्तराखंड खनिज (अवैध खनन भंडारण का निवारण) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली 2024 जारी की है। इस नियमावली के अंतर्गत खनिज कर रहे वाहनों पर जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटा को भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के विभागीय ई-रवन्ना पोर्टल के साथ इंट्रीग्रेट किया जाना भी अनिवार्य होगा। वहीं, बिना वैध प्रपत्र के खनिज को ढोने वाले वाहन स्वामी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वाहन में लदे उपखनिज को जिस स्टोन क्रशर से लाया गया होगा, उस पर भी पांच लाख का अर्थदंड लगाया जाएगा। वहीं अवैध उपखनिज ढोने वाले वाहनों पर भी जुर्माना बढ़ाया गया है।



चौपपाया एवं छोटे वाहनों का जुर्माना पांच हजार, छह पहिया वाहन साढ़े सात हजार, दो पहिया ट्रैक्टर ट्राली पर 10 हजार, चार पहिया ट्रैक्टर ट्राली पर 15 हजार, छह पहिया ट्रक पर 30 हजार, छह पहिया से अधिक टायरों के ट्रक हाईवा 50 हजार, जेसीबी पर दो लाख, पोकलैंड पर चार लाख का जुर्माना लगाया गया है। वहीं बुग्गी, पिकअप पर भी जुर्माना दो एवं 10 हजार लगाया जाएगा।

## अफसरों की हीलाहवाली से भवाली में कैंचीधाम बाईपास बनाने की योजना खटाई में

# मुख्यमंत्री धामी की घोषणा हुई 'बाईपास'

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को ही 'बाईपास' कर दिया गया है। उनकी कैंचीधाम बाईपास बनाने की घोषणा की फाइल लगभग सवा साल बीतने के बाद भी एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी है। हालत इतनी बदतर है कि बाईपास को धरातल पर उतारना तो दूर क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिए संयुक्त सर्वे तक नहीं हो सका है। बीते 15 माह से सिर्फ पत्र-पत्र खेला जा रहा है। ऐसे में प्रशासनिक तंत्र की इस काहिली का खामियाजा पर्यटकों और कुमाऊं वासियों को अभी और भुगतना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 15 जून 2023 को बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम के स्थापना दिवस पर पर्यटकों को जाम से निजात दिलाने के लिए कैंचीधाम बाईपास की घोषणा की थी। बाद में मुख्यमंत्री की घोषणा (संख्या -265/2023) में इसको हरी झंडी भी मिल गई। घोषणा के तहत भवाली सैनिटोरियम से चोरसा गांव तक पूर्व में निर्मित बाईपास को रातीघाट-पाडली राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने के लिए 11 किमी नया मोटर मार्ग बनाने और पाडली के समीप एक मोटर पुलिया से जोड़ना है। इसमें लगभग 11.04 हेक्टेयर वन भूमि आ रही है। नियमानुसार इस बाईपास निर्माण के लिए क्षतिपूर्ति वनीकरण के तहत बेतालघाट ब्लॉक के कोरड़, पट्टी मल्ली कोश्या में 22.08 हेक्टेयर नॉन जेड ए की भूमि देने का विचार है। उक्त भूमि अल्मोड़ा वन डिवीजन के अंतर्गत आती है।

इस भूमि का संयुक्त सर्वे होना है जिसमें लोनिवि, वन समेत अन्य संबंधित विभाग शामिल होते हैं। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के लगभग सवा साल बाद भी यह संयुक्त सर्वे अब तक नहीं हो सका है। हालांकि लोनिवि अधिकारियों का दावा है कि बीती 19 सितंबर को अल्मोड़ा डीएफओ को संयुक्त सर्वे करने के लिए पत्र लिखा गया है। ऐसे में कैंचीधाम के अगले स्थापना दिवस तक मुख्यमंत्री धामी की घोषणा को साकार होती नहीं दिख रही है।

**15** जून 2023 को सीएम ने की थी कैंची बाईपास की घोषणा

**01** वर्ष तीन माह 10 दिन बाद भी नहीं बढ़ी योजना



### हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं कैंचीधाम

**हल्द्वानी :** कैंचीधाम की मान्यता दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। फेसबुक संस्थापक मार्क जुकरबर्ग, एप्पल के पूर्व संस्थापक स्व. स्टीव जॉब्स के अलावा भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, अभिनेत्री समांथ रूथ प्रभु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई दिग्गज हस्तियां बाबा की अनुयायी है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु कैंचीधाम में दर्शन के लिए आते हैं। इसके अलावा कैंचीधाम को मंदिर माला मिशन से भी जोड़ा गया है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

"मुख्य सचिव, लोनिवि सचिव, डीएफओ अल्मोड़ा को पत्र भेज कर कैंचीधाम बाइपास के लिए क्षतिपूरक वनीकरण के लिए भूमि की व्यवस्था करने की मांग की गई है। यदि बाईपास का काम जल्द शुरू नहीं हुआ तो आगामी सीजन में बहुत दिक्कत होगी। **-संजय वर्मा**, निवर्तमान चेयरमैन भवाली नगर पालिका

"कैंचीधाम बाईपास के निर्माण के लिए शुरुआती स्तर काम चल रहा है। **-विपिन पंत**, एसडीएम कैंचीधाम

"दूनीखाल से पाडली तक 11 किमी लंबाई व एक 70 मीटर का पुल वाले प्रस्तावित बाईपास के लिए प्रथम चरण की संस्तुति मिल गई है। इसमें सर्वे व वन भूमि हस्तांतरण के लिए प्रस्ताव बनाना है। इसमें भूगर्भीय व संरेखण हो गया है। अब वन भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। **-प्रकाश चंद्र त्रिपाठी**, सहायक अभियंता, लोनिवि

### जाम में जिंदगी से जूझते हैं गंभीर मरीज

इस बाईपास के बनने से सिर्फ कैंचीधाम आने वाले पर्यटकों को लाभ नहीं होगा बल्कि भवाली नगर को भी जाम से निजात मिलेगी। इसके साथ ही अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जाने वाले क्षेत्रवासियों को भी जाम से निजात मिलेगी। दरअसल, पर्यटन सीजन में पर्वतीय क्षेत्रों को आने जाने वालों को कैंचीधाम में घंटों तक जाम से जूझना पड़ता है इसमें सबसे ज्यादा दिक्कत गंभीर मरीजों, प्रसूताओं को होती है, उन्हें जाम में फंसे हुए जिंदगी के लिए जंग लड़नी पड़ती है।

**मौसम** 27 सितंबर से मानसून के लौटने की प्रक्रिया होगी शुरू, अगले दो दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भारी बारिश होने की संभावना

# उत्तराखंड से 30 सितंबर तक हो जाएगी मानसून की विदाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा आदि राज्यों से वापस होने लगा है। उत्तराखंड में 30 सितंबर तक मानसून की पूरी तरह विदाई हो जायेगी। मौसम विभाग ने देहरादून, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार विदाई से पहले मानसून एक बार जरूर बरसता है। अगले दो दिनों में उत्तराखंड में बारिश होने के बाद मानसून के लौटने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



अनुमान है कि 27 से 30 सितंबर के बीच मानसून लौटने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस बार भी मानसून देरी से लौटेगा। राज्य में मानसून के वापस जाने की औसतन तारीख 20 से 25 सितंबर है। पिछले कुछ सालों से मानसून देरी से आ रहा और देरी से ही वापस जा रहा है। इधर, हल्द्वानी में बुधवार को गर्मी से राहत रही।

मंगलवार को पारा 37 डिग्री सेल्सियस पार कर गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में अगले कुछ दिनों तक तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार इस समय मानसून की वापसी हो रही है, इसलिए पूरे राज्य में बादल छाए हुए हैं।

### पांच जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश

मानसून की बारिश की बात करें तो राज्य में नैनीताल जिले को छोड़कर बाकी सब जगह सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। अल्मोड़ा में सामान्य से 12 प्रतिशत, बागेश्वर में 210 प्रतिशत, चंपावत में सामान्य से चार प्रतिशत, ऊधमसिंह नगर में सामान्य से आठ प्रतिशत और पिथौरागढ़ में सामान्य से पांच प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। नैनीताल जिले में भी ठीक बारिश हुई है, लेकिन यह सामान्य से 16 प्रतिशत कम रही। नैनीताल जिले में एक जून से लेकर अब तक 1287 मिमी बारिश हुई है।

### आज तेज बारिश के आसार

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार ऊधमसिंह नगर जिले में 26 और 27 सितंबर को गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने की संभावना है। 28 सितंबर को भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्व-दक्षिण पूर्व की दिशा में चार से छह किमी. प्रतिघंटा के वेग से हवा चलने की उम्मीद है।

### 30 से तराई में हो सकती है ठंड की शुरुआत

**काशीपुर :** आगामी 30 सितंबर से तराई में ठंड की शुरुआत हो सकती है। इसका पूर्वानुमान जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने लगाया है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक मानसून पूरी तरह उत्तराखंड से चला जाएगा। इसके बाद प्रदेश के साथ ही तराई में भी 30 सितंबर से ठंड की शुरुआत हो जायेगी। बुधवार को तराई के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई।

# मौसम सही रहा तो आज तैयार हो जाएगा गौला पुल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने से ह्यूम पाइप पुल का काम लटक गया है। मौसम ने साथ दिया तो आज शाम तक ह्यूम पाइप पुल बनकर तैयार हो जाएगा और कल से आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रशासन गौलापारवासियों की सहूलियत के लिए वैकल्पिक रूट के तौर पर इंदिरानगर रेलवे फाटक के समीप से गौला नदी में ह्यूम पाइप पुल बना रहा है। इस पुल के जरिए हल्के वाहन आवाजाही कर सकेंगे। पुल बनाने के लिए बीते मंगलवार को ह्यूम पाइप आ गए थे। बुधवार को मौसम ने करवट ली और पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने पर अचानक गौला नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस वजह से नदी में ह्यूम पाइप पुल बनाने का काम उतनी रफ्तार से नहीं हो सका है। अब संभावना है कि यदि मौसम साफ रहता है तो आज (गुरुवार) शाम तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा और शुक्रवार से आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

इधर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गौला पुल की एप्रोच रोड की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। एनएचएआई को नदी से उपखनिज निकासी की अनुमति भी मिल चुकी है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि नदी में ह्यूम पाइप पुल बनाने का काम नहीं हो सका, नदी में जल स्तर कम हुआ तो आज काम पूरा कर दिया जाएगा।

# जयंती पर पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान, फतेहपुर की ग्राम प्रधान ने 170 लोगों को दिलाई सदस्यता, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने बुधवार को कालाढूंगी विधानसभा सीट के बूथ संख्या-139 में जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर फतेहपुर की ग्राम प्रधान ऋतु जोशी समेत 170 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

विधायक भगत ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक बूथ में 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य था, लेकिन 170 माताओं-बहनों, युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भाजपा परिवार सभी बूथों पर संस्थापक और प्रेरणा स्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए सदस्यता अभियान चला रहा है। यह सौभाग्य का अवसर है कि जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनके राष्ट्रवादी विचारों ने राष्ट्रवादी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देने का काम किया था। वर्तमान में दीन दयाल अंत्योदय योजना शहरी एवं ग्रामीण गरीबों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

वहीं, भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाली ग्राम प्रधान ऋतु जोशी ने कहा कि उन्होंने विधायक भगत की कार्यशैली, कार्यकर्ताओं के स्नेह, क्षेत्र में उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान तरुण बंसल, प्रताप बोरा, राजेंद्र सिंह रावत, प्रमोद पंत, प्रकाश पटवाल, भुवन जोशी, देवेंद्र मेहरा, कमल पालीवाल, नवीन मेहरा, बिशन सिंह रावत, राजेश पांडे, पूरन जोशी मौजूद रहे।


जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते विधायक बंशीधर भगत व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जिपं अध्यक्ष ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कालाढूंगी विधानसभा सीट के बूथ संख्या-172 में घर-घर जाकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। बुधवार को सुरेंद्र सिंह नगरकोटी के आवास पर हुए कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, अंत्योदय के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान गोविन्द सिंह, प्रमोद तोलिया, जगजीत सिंह भुल्लर, गणेश मेहरा, दान सिंह राणा, रंजीत सिंह चमियाल मौजूद रहे।


भीमताल में पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता।

### डांठ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी पुष्पांजलि

**भीमताल :** डांठ क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, योगेश तिवारी, राहुल जोशी, अखिलेश सेमवाल, मंजू जोशी, बीना आर्या, महेशचंद्र जोशी, चंद्रशेखर गिरी, नितेश बिष्ट, सुनीता पांडे, मदन गिरी, रूपेश थापा, अनिल थापा आदि मौजूद रहे।

### हरमन माइनर डिग्री कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी

**भीमताल :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पखवाड़े के अवसर पर नगर पालिका भवन भवाली में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हरमन माइनर डिग्री कालेज के छात्रों ने मारी बाजी जहां वाद-विवाद प्रतियोगिता में बृजेश बृजवासी ने प्रथम स्थान व डॉली पलड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में यामिनी आर्य, खुशबू पलड़िया ने पुरस्कार प्राप्त किए। छात्रों ने इस जीत का श्रेय कॉर्डिनेटर दिगंबर खनेडा व संस्थान के सभी शिक्षकों को दिया। प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाइयां दी। इस अवसर पर डॉ. बीना नेगी चौधरी, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. विनीता राय, नेत्र प्रसाद गौतम, गणेश चंद्र शीतल सिंह मौर्य, आरएस खाती, डॉ. मंजू नेगी, नितिन भगवाल, डॉ. सतीश चन्द्र, डॉ. पूनम मेहरा, रामकृष्ण आर्या, राहुल कुमार, मुकेश आर्या, शालिनी भारती, दीपा, भुवन पलाडिया, तनुजा आदि मौजूद रहे।


पुरस्कार के साथ हरमन माइनर डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


चयनित खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक राजेंद्र नेगी। ● अमृत विचार

### तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय खो- खो प्रतियोगिता को चयनित

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी कैंप के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में खेलेंगे। बीते मंगलवार को ऊधमसिंह नगर में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन हुआ। खेल प्रशिक्षक राजेंद्र नेगी ने बताया कि पीएमश्री राबाइका कालाढूंगी की छात्रा रिद्धिमा जोशी और नमिता आर्य तथा अटल आदर्श इंटर कॉलेज कालाढूंगी के छात्र दिनेश भंडारी का चयन खो-खो में हुआ है। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ी 28 सितंबर से झारखंड में होने जा रहे सब जूनियर राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन पर सहायक खेल निदेशक रसिका सिद्दीकी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, उप खेल अधिकारी वरुण बेलवाल, मन मोहन बसेड़ा, गोविंद पांडे, पीटीआई सत्यम शर्मा, प्रधानाचार्य बसंती आर्य ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।


रामनगर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### मेघनाद-सुलोचना संवाद का मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**रामनगर :** आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन में बीती रात का प्रदर्शन बेहद रोचक और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। इस दौरान कुंभकरण वध, मेघनाद- लक्ष्मण युद्ध तथा मेघनाद वध का मंचन किया गया। युद्ध से पहले सुलोचना द्वारा मेघनाद को रोकने की भावुक कोशिश और मेघनाद का पिता रावण के आदेश का पालन करने की प्रतिज्ञा का मंचन खासा प्रभावशाली रहा। मेघनाद की भूमिका में गगन बिष्ट और सुलोचना के पात्र प्रकाश के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। अमित अग्रवाल (कुंभकरण), सुशील जोशी (रावण), नवीन बिष्ट (विभीषण) ने भी अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। श्री राम की भूमिका में किशोर कश्यप और लक्ष्मण के पात्र मयंक रौत की अभिनय शैली को भी खूब सराहा गया। रामलीला मंचन का शुभारंभ पूर्व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## जयंती पर पंडित उपाध्याय का भावपूर्ण स्मरण किया

**नैनीताल:** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल पार्क में दीप जलाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में नैनीताल विधायक सारिता आर्य मुख्य अतिथि रहीं। इस दौरान नैनीताल के तीन होनहार खिलाड़ियों पैरालंपिक खिलाड़ी गौरव सिंह नयाल, जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियन दीपाली थापा, ताइक्वांडो खिलाड़ी लतिका भंडारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरविंद सिंह पडियार, मण्डल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, शांति मेहरा, आशीष बजाज, कलावती असवाल, जीवंती भट्ट, दीपिका बिनवाल, कविता गंगोला, संतोष कुमार, मीरा बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, मनोज कुमार, भारती कैड़ा, अतुल कुमार, दया किशन पोखरिया, अरुण कुमार, रितुल कुमार, हरीश राणा, नितीन कार्की, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, राजू सिंह बिष्ट, नवीन जोशी, भुपेंद्र बिष्ट, संतोष साह, ललित तिवारी, कैलाश रौतेला, रईस खान, मनोज जगाती, विकाश जोशी, नीमा भंडारी आदि उपस्थित रहे।


नैनीताल में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं विधायक सरिता आर्या व अन्य। ● अमृत विचार



रुद्राक्ष वाटिका में पौधरोपण करते नगर निगम व वन विभाग के कर्मचारी।

## पखवाड़े के तहत रुद्राक्ष वाटिका में लगाए सौ पौधे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत बुधवार को हीरानगर स्थित रुद्राक्ष वाटिका में सौ पौधे लगाये। कार्यक्रम में वन विभाग के अलावा गो ग्रीन गो क्लीन संस्था ने सहयोग किया। इस दौरान सभी लोगों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। गुरुवार को शहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत चलाया जा रहा अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली और स्वच्छता रैली निकाली जाएगी। साथ ही लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग करने के बारे में बताया जायेगा। अभियान के तहत वार्ड संख्या 50, 49, 44, 45, 52 में आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) सेंटर बनाने की शुरुआत की गई है।

इसके तहत बैणी सेना स्थानीय लोगों को कूड़ा आरआरआर सेंटर में डालने के लिए जागरुक करेंगी। इस पहल से कूड़े को रिसाइकिल करने के साथ ही रिड्यूस और रियूज भी किया जाएगा। इधर, स्कूली बच्चों की ओर से भी रैली निकालकर लोगों व दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## एक नवंबर से ड्रेस कोड में नजर आएंगे ऑटो चालक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर के ऑटो चालक 1 नवंबर से ड्रेस कोड में नजर आएंगे। प्रशासन की ओर से जारी की गई एसओपी के प्रमुख बिंदुओं में ऑटो चालकों के लिए अनिवार्य ड्रेस कोड भी शामिल है। साथ ही विभाग की ओर से गौला रोखड़ स्थित विभागीय भूमि में चालकों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद प्रत्येक वाहन पर नीला और पीला स्टीकर लगाया जाएगा। नीले स्टीकर में संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से निर्धारित मार्ग संख्या और पीले स्टीकर पर परिवहन विभाग की ओर से वाहन का विशेष क्रमांक अंकित किया जाएगा। सत्यापन और वाहन के फिटनेस के बाद चालक को परिचय पत्र दिया जाएगा जिसे वह वाहन चलाते समय अपने गले में पहनेगा। संभागीय परिवहन अधिकारी को मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में बीते मंगलवार को नगर निगम सभागार में ऑटो यूनियन की परिवहन विभाग व प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें ऑटो चालकों ने एसओपी के अधिकांश बिंदुओं का विरोध किया और इसमें संशोधन नहीं किये जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इससे पहले यूनियन ने शहर के समस्त पुराने ऑटो के परमिटों को नगर निगम क्षेत्र के आधार पर 25 किमी. की परिधि पर किये जाने की मांग की। यूनियन ने कहा कि शहर में मुख्य मार्गों पर चल रहे ईरिक्शा को नियमानुसार गलियों से चलाया जाए। उन्होंने बाहरी लोगों का सत्यापन व परमिट चेक कर कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि शहर में स्थानीय ऑटो चालक लंबे समय से ऑटो चला रहे हैं, उनका सत्यापन नहीं किया जाए। पुराने सभी मार्गों में चलने वाले ऑटो चालकों का ड्रेस कोड है और ऑटो में पट्टी भी निर्धारित है जिसे पूर्व की तरह चलने दिया जाए। यूनियन के अध्यक्ष केदार पलड़िया ने ऑटो चालकों के बारे में कोई भी निर्णय लिए जाने पर उन्हें विश्वास में लेने और उनका पक्ष सुने बिना कोई भी निर्णय नहीं लेने की मांग की।

## पुलिस ने बच्चे को माता-पिता को सौंपा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मित्र पुलिस ने चार साल के बच्चे को उसके पता-पिता को सौंप दिया। पुलिस के इस कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास एक व्यक्ति 4-5 साल का बच्चा छोड़ गया है। पुलिस कर्मी बच्चे को थाने पर लेकर आ गए। बच्चे ने अपने माता-पिता का नाम बताया, परन्तु वह घर का पता नहीं बता पा रहा था। पुलिस ने सोशल मीडिया पर सूचना को प्रसारित किया।


परिजनों को बच्चा सौंपते पुलिस कर्मी।

काफी प्रयत्न के बाद उसके पिता सुरेन्द्र सिंह उर्फ बंटी पुत्र दलवीर सिंह निवासी ग्राम चिल्किया रामनगर को थाने पर बुलाकर बच्चे को उसके सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर माता-पिता ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

## व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा के नेतृत्व में कुसुमखेड़ा स्थित एक होटल में बैठक के दौरान कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इसमें अमित चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष, कल्पना रावत महिला उपाध्यक्ष, राजीव लोचन कुमाऊं मंडल प्रभारी, मनोज जोशी जिला महामंत्री, देवेंद्र बंगा जिला वरिष्ठ सलाहकार, लव बख्शी जिला मीडिया प्रभारी, घनश्याम रुवाली जिला सचिव, विनोद पाठक जिला उपाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष परमिंदर नागपाल ने महानगर इकाई का विस्तार करते हुए इरशाद सिद्दीकी महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राघवेन्द्र चौहान, असीम और जुहैब अनवर को महानगर सचिव, अलीम गोल्डन महानगर उपसचिव, शानू खान महानगर उपाध्यक्ष, मयंक गुप्ता और फुरकान खान को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा मुखानी मंडल में अध्यक्ष दिगंबर भोजक, महामंत्री बालम जोशी, कोषाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव हैदर अली, उपाध्यक्ष नुसरत वारसी, मंडल प्रभारी अमित चौहान को बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता अनुज कांत अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डिम्पल पांडे, महानगर अध्यक्ष परविंदर नागपाल ने नियुक्ति पत्र सौंपे।


प्रमाण पत्रों के साथ व्यापार मंडल के नवमनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

VACANCY/REQUIREMENT

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar (Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर



निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में

विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

## सार-संक्षेप



एसटीएच में केक काटकर फार्मेसी दिवस मनाते फार्मासिस्ट। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं फार्मासिस्ट

**हल्द्वानी** : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एचटीएच) के मुख्य फार्मेसी विभाग में बुधवार को विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गोविंद सिंह तितियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अस्पतालों में फार्मासिस्ट की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि फार्मासिस्ट अस्पताल में मरीज और चिकित्सक के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। आज के परिदृश्य में फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। ललित मोहन भट्ट ने बताया कि एसटीएच में फार्मेसी को प्रो. एनएस ज्याला के नेतृत्व में मूर्त रूप दिया गया था। आज फार्मेसी विभाग वृहद रूप ले चुका है। रोजाना 500 से अधिक प्रकार की दवाएं वार्डों में भर्ती मरीजों के साथ-साथ ओपीडी मरीजों को निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। इससे पूर्व प्रोफेसर डॉ. पंकज वर्मा एवं मेडिकल ऑफिसर फार्मेसी ने संयुक्त रूप से केक काटकर फार्मासिस्टों को बधाई दी। कार्यक्रम में विनोद कुमार शाह, ललित मोहन भट्ट, मेघा बृजवाल, मोना पॉपुलर, कनिका पांडे, चंद्रशेखर कपाड़िया, रणजीत सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



कोषागार कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### कोषागार कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी गठित

**हल्द्वानी** : कोषागार कर्मचारी संगठन की नैनीताल जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से योगेश सिंह फर्त्याल अध्यक्ष, मोहित कन्याल महामंत्री, कमल सुनोरी उपाध्यक्ष, नीतू आर्या महिला उपाध्यक्ष, हिमांशु अधिकारी कोषाध्यक्ष, नदीम अंसारी संप्रेक्षक चुने गए। नई कार्यकारिणी ने सहायक लेखाकार पद का वेतनमान 4600 करने, लेखाकार पद पर पदोन्नति कर ग्रेड वेतन 4800 बनाने, आईएफएमएस भत्ता का लाभ देने, बैंकों की भांति चतुर्थ शनिवार को अवकाश घोषित करने समेत विभिन्न मांगों के समाधान को प्रमुखता से उठाया जाएगा। चुनाव अधिकारी सुधीर पांडे, योगेश उप्रेती, विपिन चंद्र जोशी की देखरेख में चुनाव संपन्न हो गए। इस दौरान मुख्य अतिथि कोषाधिकारी इंद्र सिंह, प्रांतीय महामंत्री रितेश महरा, सहायक कोषाधिकारी अजय कुमार एवं महेश चंद्र जोशी, भगवत सिंह बोहरा, बसंत जोशी, धीरज चंद्र सनवाल, आकांक्षा जोशी, सुनील रावत, रणजीत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।




पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रा को सम्मानित करतीं अतिथि।

### कविता पाठ में गौरी, भाषण में कंचन ने बाजी मारी

**हल्द्वानी** : स्वच्छता ही सेवा विषय पर पीएमश्री बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में गौरी जोशी प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय और तनुजा मेलकानी तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में कंचन प्रथम, चेतना जोशी द्वितीय और प्रियंका गोस्वामी तृतीय रहीं। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गीता बिष्ट, प्रियांशी कुमारी, पूजा सक्सेना, खुशी जोशी और मीनाक्षी को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में छात्रा वंशिका, करिश्मा, पायल, हिमानी और इफत ने स्वच्छता पर मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज भट्ट ने बताया कि सरकार के निर्देश पर इकाई अलग-अलग संस्थाओं के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। इस दौरान सीबीसी नैनीताल की वरिष्ठ कलाकार शोभा चारक, संयोजक शर्मिष्ठा बिष्ट, केंद्रीय संचार ब्यूरो के आनंद सिंह, शिक्षिका दीपशिखा जोशी, माया चंदोला, नीता उपाध्याय, राखी मठपाल और डिंपल जोशी आदि मौजूद रहे।

### निगमों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा शासन

**हल्द्वानी** : राज्य निगम कर्मचारी-अधिकारी महासंघ ने बैठक कर 30 सितंबर को प्रस्तावित महारैली की रणनीति पर चर्चा की। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गोसाई ने कहा कि प्रदेश में कार्मिकों को नियमित न कर बेरोजगारों की सामाजिक सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पंत ने कहा कि शासन सार्वजनिक निगमों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। उपाध्यक्ष मनमोहन चौधरी ने कहा कि वर्ष 2013 में नियमितीकरण के लिए बनी नियमावली को हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद भी शासन की ओर से लटकाया जा रहा है। कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का झुनझुना दिखाकर 30 सितंबर को होने वाली महारैली को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। बैठक में श्याम सिंह नेगी, राजेश रमौला, ओपी भट्ट, अनुराग नौटियाल, टीएस बिष्ट, शिशुपाल रावत, बीएस रावत, संदीप मल्होत्रा, रमेश बिजौला मौजूद रहे।

**हल्द्वानी रेलवे स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म नंबर 2 बदहाली का शिकार, स्वच्छता पखवाड़े को आईना दिखा रहा स्टेशन**

# नमस्कार! गंदगी और गड्ढों से भरे स्टेशन में आपका स्वागत है

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में आपका स्वागत है। स्टेशन के गेट से अंदर प्रवेश करते ही आपका सामना गंदगी, कूड़े के ढेर और दुर्गंध से होगा। स्टेशन परिसर का टूटा-फूटा फर्श और जगह-जगह बने गड्ढे अपनी बदहाली खुद बयां कर रहे हैं।

यहां आरक्षित और अनारक्षित काउंटर के पास खाली जगह पर कूड़े के ढेर लगे हैं। जिसकी दुर्गंध के कारण प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री और स्टेशन कार्यालय के स्टाफ का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। कूड़े को बार-बार जलाया जाता है, जिस कारण इसके धुएं से भी यात्रियों को परेशानी होती है।



हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के बाहर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

इन दिनों रेलवे विभाग सभी स्टेशनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चला रहा है, लेकिन हल्द्वानी रेलवे स्टेशन इस स्वच्छता अभियान को आईना दिखा रहा है। स्टेशन परिसर में रात-दिन पास में ही स्थित मलिन बस्ती की महिलाओं और बच्चों का जमावड़ा रहता है। जिससे यह रेलवे की संपत्ति कम और मलिन बस्ती के लोगों का आश्रय ज्यादा लगता है। इतना ही नहीं स्टेशन में रात के समय अराजकतत्व और चोरों का आतंक भी रहता है।

प्लेटफार्म नंबर एक में चकाचक सफाई की गई है। यहां पीने के पानी और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी दुरुस्त है, लेकिन जब प्लेटफार्म नंबर दो पर प्रवेश करते हैं तो यहां फर्श बदहाल स्थिति में है। जिसमें जगह-जगह गड्ढे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर प्यूरीफायर टूटा हुआ है। जिसकी मरम्मत नहीं की गई है। प्लेटफॉर्म में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। यात्रियों से पूछने पर उन्होंले रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई।

#### डीआरएम ने स्टेशनों पर देखी सफाई व्यवस्था

**हल्द्वानी** : इज्जतनगर रेलवे मंडल की डीआरएम रेखा यादव ने बुधवार को हल्द्वानी, लालकुआं और पंतनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने हल्द्वानी स्टेशन में पैनल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सफाई व्यवस्था देखी। व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पंतनगर रेलवे स्टेशन में उन्होंने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया।



#### काठगोदाम स्टेशन स्वच्छता में अव्वल

एक तरफ काठगोदाम रेलवे स्टेशन स्वच्छता की रैंकिंग में अव्वल रहता है। बेहतरीन साफ-सफाई के लिए स्टेशन को अवार्ड भी मिल चुका है। स्टेशन में स्वच्छता से लेकर पीने की पानी और अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहती हैं, लेकिन दूसरी तरफ हल्द्वानी स्टेशन लंबे समय से बदहाली का शिकार है। जिसकी तरफ रेलवे के उच्चाधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है।

# बारिश ने उधेड़ी सड़कें, हर तरफ गड्ढे ही गड्ढे

**लोनिवि और नगर निगम की सड़कों की हालत खस्ता, राहगीरों और वाहन चालकों को हो रही है परेशानी**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : बारिश से शहर में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की सड़कों को खासा नुकसान हुआ। यदि पूरे नैनीताल जिले की बात करें तो बारिश की वजह से 100 से ज्यादा सड़कों को नुकसान हुआ है। हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में भी यही हाल है।

शुरुआती बारिश में ही लोनिवि की सड़कों को करीब तीन करोड़ और नगर निगम की सड़कों को एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। लोनिवि की रेलवे क्रॉसिंग से लेकर गौलापुल को जाने वाली सड़क का एक हिस्सा ही गौला नदी में समा गया है। इसको सही करने के लिए जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय से टीम को सर्वे करने के लिए बुलाना पड़ा। इसके अलावा शहर में जिन सड़कों में गड्ढे पड़े हैं, उनमें वह सड़कें भी शामिल हैं जिनको कुछ दिन पहले ही बनाया गया था। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ऐसी जगह हो रही हैं जहां सड़कों में गड्ढे तो हैं लेकिन पास में स्ट्रीट लाइट नहीं है। रात के समय यहां मुश्किल और बढ़ जाती है। ऐसी भी कई सड़के हैं, जिन पर बारिश के समय में काफी जलभराव होता है और मलबा आता है। इन सड़कों के हाल और भी बुरे हो गए हैं। बारिश की वजह से कई सड़कों के किनारे पूरी तरह से उधड़ गए हैं। इन सड़कों पर वाहन चलाना मुसीबत का सबब है।

**नगर निगम के पास बजट नहीं** : नगर निगम के अवर अभियंता नवल नौटियाल ने बताया कि अभी बजट की कमी है। बजट आने के बाद सड़कों को ठीक किया जाएगा। इधर, लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि बारिश रुक गई है। अब सड़कों को ठीक करने का काम शीघ्र शुरू किया जाएगा।



एसटीएच के बगल से जाने वाली सड़क का हाल।



कैंसर अस्पताल के सामने सड़क में बना गड्ढा।



जजफार्म की सड़क में बने हैं गड्ढे ही गड्ढे।

#### इन जगहों पर है सबसे ज्यादा खतरा

1-स्वामी राम कैंसर अस्पताल के सामने
2-जमरानी कॉलोनी से पनचक्की रोड
3-दोनहरिया से हाइडिल रोड
4-देवखड़ी नाले के पास की सड़क
5-डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास की सड़क
6-दमुवाढूंगा में शिवमंदिर को जाने वाली सड़क
7-ट्रांसपोर्ट नगर से छड़ायल को जाने वाली सड़क
8-चौफला से कठघरिया को जाने वाली सड़क
9-जज फार्म से आईटीआई को जाने वाली सड़क
10-जेल रोड चौराहा के पास कालाढूंगी सड़क



हीरा नगर की सड़क के बीच हुआ बड़ा सा गड्ढा।



जेल रोड चौराहे से कालू सिद्ध मंदिर जाने वाली सड़क।

#### राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाईवे का भी यही हाल

लोनिवि और नगर निगम के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत भी खस्ता है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार की सड़क नेशनल हाईवे 87 नैनीताल रोड में भी गड्ढे हैं। कॉलटैक्स के पास काठगोदाम टैक्सी स्टैंड के पास नैनीताल रोड में भी गड्ढे हैं। काठगोदाम से हैड़ाखान को जाने वाली रोड में तीन किलोमीटर पर हाल खराब हैं। बल्यूटी गांव को जाने वाली सड़क में भी मलबा आने की वजह से काफी नुकसान हुआ है। देवखड़ी नाले के आसपास की कॉलोनियों में भी सड़कों को मलबे से काफी नुकसान हुआ है।

### पीरूमदारा क्षेत्र में नशेड़ियों की करतूतों से लोग परेशान

**रामनगर**: रामनगर से लेकर पीरूमदारा क्षेत्र में नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इससे पीरूमदारा चौकी अंतर्गत हल्दुवा, थारी, लालढांग, पीरूमदारा, टांडा क्षेत्रों में अपराध बढ़ रहे हैं। अधिकांश घटनाओं को नशेड़ियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

चोरी, सेंधमारी और मारपीट जैसे अपराधों में अधिकांश नशेड़ी लिप्त पाए जा रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो कुछ स्थानों पर खुलेआम नशा और अवैध शराब बिक रही है। पूर्व में नशेड़ियों के खिलाफ ग्रामीण पुलिस चौकी का घेराव भी कर चुके हैं। पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी नशे पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है।

पीरूमदारा बाजार और आसपास के क्षेत्रों में नशे करने के बाद मारपीट की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले दिनों रात में कारों के शीशे तोड़े जाने की शिकायतें भी आई थीं। क्षेत्र के प्रगितशील किसान पूरन शर्मा ने पुलिस से नशे के कारोबार में लगे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। उधर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने कहा कि नशा बेचने वालों पर पुलिस बराबर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी स्थान पर नशा बिक रहा है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

# फूड सेफ्टी की ट्रेनिंग को बजट का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : खाद्य संरक्षा विभाग की ओर से लोगों को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जानकारी देने के लिए कराई जाने वाली कार्यशाला इस साल सितंबर माह पूरा होने के बाद भी नहीं हो पाई है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से हर साल व्यापारियों और व्यक्तिगत स्तर पर खाने-पीने की चीजों में हो रही मिलावट और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यशाला का आयोजन कराया जाता है।

इसके लिए विभाग 700 से 1000 रुपये में प्रतिभागियों से एक दिन की कार्यशाला के लिए पंजीकरण शुल्क लेता है। इसमें हर बैज में 40 सदस्यों को जानकारी दी जाती है। वर्तमान में प्रदेश सरकार का सेंटर के साथ एमओयू भी हो चुका है, लेकिन शासन से बजट जारी न होने के कारण कार्यशाला का आयोजन अभी तक नहीं कराया जा सका है। अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टीफिकेशन की वेबसाइट पर पंजीकरण कर लोग कार्यशाला में भाग ले सकते हैं। कहा कि बजट जारी नहीं होने के कारण अभी कार्यशाला के आयोजन की तिथि तय नहीं हो सकी है।

**विलंब**

▸▸ **40 प्रतिभागी कर सकते हैं कार्यशाला में प्रतिभाग**

# फिल्टर प्लांट को नहीं मिला पानी, आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : गौला बैराज में भारी मात्रा में सिल्ट आने की वजह से शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी नहीं मिल पाया। जिस कारण बुधवार को भी लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। हालांकि जल संस्थान ने टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति की, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया।

पिछले दिनों हुई बारिश से गौला नदी में भारी मात्रा में सिल्ट आ गई थी। जिस वजह से फिल्टर प्लांट को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बीते मंगलवार की रात से ही बैराज से पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी, जिस कारण बुधवार की सुबह कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हुई। जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि बुधवार शाम को फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति सुचारू हुई।




शहर की एक कालोनी में टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

इधर, ट्रांसपोर्ट नगर में लोनिवि की ओर से सड़क किनारे की जा रही खुदाई के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है।

जिससे पानी सड़क पर बर्बाद हो रहा है। वहीं देवलचौड़ क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पेयजल किल्लत हो रही है। पिछले 4-5 दिनों से पेयजल लाइन में लीकेज है, जिसे अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। जीतपुर नेगी में गेटवॉल खराब होने के कारण पांच दिनों से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जल संस्थान के एई प्रमोद पांडे ने बताया कि लीकेज को ठीक किया जा रहा है। गुरुवार से पानी की आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

#### साढ़े चार घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी** : काठगोदाम नरीमन चौराहे के पास बुधवार को बिजली की लाइन शिफ्टिंग का कार्य हुआ। जिसके चलते साढ़े चार घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही। सुबह 11 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक बिजली की आपूर्ति ठप रही। इससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत वितरण खंड नगर के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सुचारु कर दी गई थी।

**आंदोलन** | **महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर समर्थन जुटा रहे किसान-मकान बचाओ संघर्ष समिति के लोग**

# रिंग रोड के विरोध में किसानों की महापंचायत 28 को

संवाददाता, हल्द्वानी

**अतमृत विचार** : रिंग रोड के विरोध में किसानों की महापंचायत 28 सितंबर को होगी। इसके लिए किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर समर्थन जुटाया जा रहा है।

गन्ना सेंटर स्थित रामलीला मैदान में चल रहा किसानों का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। समिति के अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि किसान महापंचायत की तैयारी में जुट गए हैं। समिति ने इसके लिए एक पोस्टर भी बनाया है। पूर्व में विधायक बंशीधर भगत लोनिवि के अधिकारियों के साथ वार्ता कर रिंग रोड परियोजना को लेकर जगह बदलने की बात कहकर गए हैं। इसके बाद भी किसानों का आंदोलन जारी है।




गन्ना सेंटर स्थित रामलीला मैदान में नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

धरनास्थल पर वक्ताओं ने रिंग रोड परियोजना की हल्द्वानी को जरूरत है या नहीं इस बात पर चर्चा की। समिति के उपाध्यक्ष निक्की दुर्गापाल और सचिव लक्ष्मण सिंह बोरा ने कहा कि किसानों ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और राजनीतिक, गैर राजनीतिक संगठनों से मुलाकात की है।

28 सितंबर को रामीलाला मैदान में रिंग रोड परियोजना को रद करने के लिए महापंचायत होगी। इस दौरान मोहित बेलवाल, हेमंत बिष्ट, कैलाश कुल्याल, कैलाश क्वीरा, दीपा रौतेला, किशन परगांई, पंकज दानी, दीपक बजावल, जगदीश बोरा, गुलशन दानी, नवीन चंद्र, विशाल बजवाल, सुखबीर सिंह, गगनप्रीत, सुरजीत सिंह, स्मित सिंह, करनैल सिंह आदि मौजूद रहे।

#### किसी की जमीन लेने का आदेश नहीं: साह

**हल्द्वानी** : लोक निर्माण विभाग के एई हेमंत कुमार साह ने बताया कि रिंग रोड को लेकर पूर्व में सर्वे हुआ था। जिसके आधार पर ही पुन: सर्वे किया जा रहा है। अभी किसी भी तरह की जमीन को लेने का आदेश नहीं मिला है। यह केवल सर्वे ही है। कहा कि ग्रामीणों से जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में बात की गई है। उस दौरान रिंग रोड के लिए तय की गई जमीन पर सहमति बनी है। विभाग अगले आदेश के अनुसार काम करेगा।

# आनंदा व मधुसूदन घी के नमूने जांच को भेजे

**छापेमारी**

▸▸ **नवीन मंडी में देसी घी विक्रेताओं के यहां मारे छापे**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने बुधवार को नवीन मंडी में देसी घी के विक्रेताओं के यहां छापे मारे। इस दौरान चर्चित ब्रांडों के घी के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गये।

हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन देसी घी में मिलावट की जांच की गई। सरकारी अवकाश वाले दिन भी विभाग के मंडल उपायुक्त अनोज कुमार थपलियाल के नेतृत्व में टीम नवीन मंडी पहुंची। यहां देसी घी के बड़े थोक विक्रेता हैं। घी विक्रेताओं के यहां सघन जांच अभियान चलाया गया।



देसी घी का नमूना लेते खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी।

अभियान के दौरान दो डिपो से आनंदा देसी घी और मधुसूदन देसी घी के दो नमूने संग्रहित कर जांच के लिए रुद्रपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजे गये। अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश टम्टा मौजूद रहे। वहीं रामनगर में भी लगातार दूसरे दिन वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। यहां बाजार से एक पैकेजिंग वाले घी का नमूना जांच के लिए लैब भेजा गया।



राज्य ओलंपिक खेल के तहत आयोजित दौड़ के लिए तैयार खिलाड़ी। ● अमृत विचार



बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंक के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में अल्मोड़ा की स्नेहा ने मारी बाजी

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही हैं 5वीं राज्य ओलंपिक प्रतियोगिताएं, महिला डबल में नैनीताल की लवन्या और नितीशा जीतीं, नेटबॉल में नैनीताल विजयी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 5वें राज्य ओलंपिक खेलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस दौरान एकल महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में अल्मोड़ा की स्नेहा रजवार ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि नैनीताल की लवन्या कार्की ने दूसरा प्राप्त किया, जबकि उत्तरकाशी की अग्रिमा डोभाल और देहरादून की दिव्यांशी शर्मा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित महिला डबल बैडमिंटन प्रतियोगिता में नैनीताल की लवन्या कार्की और नितीशा नेगी ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नैनीताल की ही कनक कालाकोटी व कनिष्का कांडपाल ने दूसरा और अल्मोड़ा की प्रियंका कनवाल व स्नेहा रजवार और देहरादून की अदिति शर्मा व दिव्यांशी शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह ट्रेडिशनल नेट बॉल प्रतियोगिता में नैनीताल की टीम ने पहला, ऊधमसिंह नगर की टीम ने दूसरा और उत्तरकाशी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वहीं फास्ट 5 नेट बॉल प्रतियोगिता में उत्तरकाशी की टीम ने पहला, अल्मोड़ा की टीम ने दूसरा और नैनीताल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ओलंपिक संघ के प्रभारी महेश नेगी, राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह, ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा, बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष धनश्याम श्यामपुरिया, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत समेत कई अधिकारी, कोच, इंस्टेक्टर, रेफरी आदि मौजूद रहे।

इस दौरान खिलाड़ियों ने पूरे-जोश के साथ हिस्सा लेकर अपना दम दिखाया।

### 5000 मीटर दौड़ में यूएसनगर की मधु अव्वल

**रुद्रपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 400 मीटर दौड़ में देहरादून की कनक रावत ने पहला, हरिद्वार की पिंकी ने दूसरा और पिथौरागढ़ की बीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर की दौड़ में ऊधमसिंह नगर की मधु ने पहला, पौड़ी की मीनाक्षी ने दूसरा और देहरादून की सरिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### गोला फेंक प्रतियोगिता में पौड़ी की प्रिया अव्वल

**रुद्रपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित महिलाओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में पौड़ी की प्रिया बिष्ट ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हरिद्वार की रिया पाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि हरिद्वार की सोनम देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# 12.88 सेकेंड में सौ मीटर दौड़कर आंचल ने झटका स्वर्ण

**जोश**

- पांचवें राज्य खेलों में छात्राओं की पंतनगर में आयोजित हुईं तीन प्रतियोगिताएं

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में विवि परिसर के स्टीवेंसन स्टेडियम में जिला एथलेटिक संघ की ओर से एथलेटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन बुधवार को यहां छात्राओं की छह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बुधवार सुबह छह बजे से आयोजित पांच हजार मीटर रेस के फाइनल में 18.16 मिनट के साथ यूएस नगर की मधु ने जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं 19.11 मिनट के साथ पौड़ी की मीनाक्षी दूसरे एवं 20.53 मिनट के साथ देहरादून की सरिता तीसरे स्थान पर आकर क्रमशः रजत औरं कांस्य पदक की हकदार बनीं। चार सौ मीटर रेस के फाइनल में 1:05:16 मिनट के साथ देहरादून की कनक रावत ने अव्वल आकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं 1:07:94 मिनट के साथ हरिद्वार की पिंकी दूसरे एवं 1:11:69 मिनट के साथ पिथौरागढ़ की वीना ने तीसरा स्थान हासिल कर क्रमशः रजत और कांस्य पदक की हकदार बनीं। शॉटपुट ओपन ग्रुप के फाइनल में पौड़ी की प्रिया बिष्ट ने 8.50 मीटर के साथ प्रथम आकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं हरिद्वार की रिया पाल 7.85 मीटर के साथ दूसरे व हरिद्वार की ही सोनम देवी 7.70 मीटर के साथ तीसरे पायदान पर आकर क्रमशः रजत व कांस्य पदक की हकदार बनीं।

शाम चार बजे से आयोजित सौ मीटर रेस के फाइनल में 12.88 सेकेंड के साथ देहरादून की आंचल पंवार ने अव्वल आकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया। वहीं 13.12 सेकेंड के साथ यूएस नगर की जसकिरन कौर ने दूसरे और पौड़ी की प्रेरणा ने तीसरे नंबर पर आकर क्रमशः रजत व कांस्य पर अपना दावा पेश किया। आठ सौ मीटर दौड़ के फाइनल में 2.32 मिनट के साथ चंपावत की अंकिता ने पहला, 2.39 मिनट के साथ बागेश्वर की मीना कोरंगा ने दूसरा और 2:39:70 मिनट के साथ यूएस नगर की नीतू ने तीसरे स्थान पर आकर क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक पर जीत हासिल की। वहीं लंबी कूद में 4.91 मीटर के साथ चंपावत की भगवती बिष्ट पहले, 4.59 मीटर के साथ उत्तरकाशी की तक्षशिला दूसरे एवं 4.39 मीटर के साथ चंपावत की सोनी जोशी तीसरे स्थान पर रहीं। जिन्हें क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्रदान किया जाएगा।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में सरफराज चैधरी, गोविंद सिंह, मो. रफी, रमनदीप सिंह मान, रघुवीर सिंह, हरीश राम, नवनीत राव, फातिमा व ममता बोरा सहित उत्तराखंड पुलिस के एथलीट कोच आदित्य कुमार व निशु कुमार मौजूद थे।



सौ मीटर रेस में स्वर्ण पदक विजेता देहरादून की आंचल। ● अमृत विचार



लंबी कूद में स्वर्ण विजेता चंपावत की भगवती बिष्ट। ● अमृत विचार



आठ सौ मीटर रेस की स्वर्ण विजेता चंपावत की अंकिता। ● अमृत विचार

### पंतनगर में आज होंगी छात्राओं की यह प्रतियोगिताएं

**पंतनगर :** स्टीवेंसन स्टेडियम में सुबह छह बजे से महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल रेस का फाइनल, आठ बजे से आठ सौ मीटर रेस का फाइनल, 8 .10 बजे से दो सौ मीटर रेस का हीट्स मुकाबला एवं 8 .30 बजे से डिस्क्स थ्रो का फाइनल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा शाम 3 .30 बजे डिस्क्स थ्रो, चार बजे त्रिकूद व पांच बजे जैवलिन थ्रो के क्वालीफाई राउंड सहित दो सौ मीटर रेस का सेमीफाइनल मुकाबला भी होगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी रजिस्ट्री सख्या. 292/2002 (389) के मूल दस्तावेज वास्तव में कहीं गुम हो गये है। जिसका खसरा संख्या 141, गाटा संख्या 368 मि. रकबा पूरब से पश्चिम लम्बाई 41 फुट, उत्तर से दक्षिण चौड़ाई 25 फुट कुल 1025 वर्ग फिट है। - **मोहम्मद अली अंसारी पुत्र श्री लाल मोहम्मद वार्ड नंबर 5, गदरपुर जिला-उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) मोबाइल नंबर 8279492383, 9625270897**

**सूचना**

पहले मेरा नाम R E E N A BHATEJA था। अब मैंने अपना नाम बदलकर REENA RANI रख लिया है। अब मुझे REENA RANI के नाम से जाना व पहचाना जाये। - **REENA RANI W/o RAJESH KUMAR ARORA शिव मंदिर, वार्ड नंबर 4, गदरपुर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड)**



जसपुर में एक दुकान से घी के सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने घी के तीन सैंपल लिए

**रुद्रपुर :** अपर आयुक्त एवं उपायुक्त कुमाऊं मंडल के निर्देश खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जसपुर में कई डेयरियों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने डेयरियों से घी के तीन नमूने लिए। साथ ही नमूनों को जांच के लिए रुद्रपुर स्थित राज्य खाद्य औषधि प्रयोगशाला में भेज दिया है। बुधवार को जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जसपुर पवन कुमार ने डेयरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियमों में दिये गये मानकों के अनुरूप ही घी और अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिए।

# 6 माह पहले शोरूम में हुई चोरी का खुलासा

संवाददाता, किच्छा

**कार्रवाई**

- गिरफ्तार आरोपी से चोरी का मोबाइल और हजारों की नगदी बरामद
- चोरी की वारदात की वीडियो कैद हो गई थी सीसीटीवी कैमरे में

**अमृत विचार:** बाइक शोरूम में छह माह पहले हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने शोरूम से चोरी हुए मोबाइल फोन के अलावा 7 हजार रुपये की नगदी भी आरोपी से बरामद कर ली। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात का वीडियो फुटेज कैद हो गया था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी।

विगत 20 मार्च को वार्ड नंबर 3, जवाहर नगर, तहसील लालकुआं निवासी सौरभ गोयल ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि नगर के बरेली मार्ग स्थित सुनहरी वार्ड में जय दुर्गा मोटर्स के नाम से उसका होंडा शोरूम है। पीड़ित व्यापारी सौरभ गोयल के अनुसार 20 मार्च की सुबह करीब 3:30 बजे भवन स्वामी जसवीर सिंह के घर के रास्ते से चोर ने शोरूम के पिछले दरवाजे से अंदर प्रवेश किया और शोरूम में रखी अलमारी से करीब 72 हजार 750 रुपए की नगदी तथा ऑफिस में रखा सैमसंग कंपनी के मोबाइल पर भी हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार जब वह सुबह शोरूम खोलने पहुंचा तो उसे घटना की जानकारी हुई।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात का पूरा वीडियो कैद हो गया। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कोतवाली अंतर्गत हरियाणा फॉर्म क्षेत्र से वार्ड नंबर 17, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी राजकुमार उर्फ गंजा को दबोच लिया।

बताया कि टीम ने आरोपी राजकुमार के कब्जे से शोरूम से चोरी हुए सैमसंग कंपनी के मोबाइल फोन के अलावा 7 हजार रुपए की नगदी बरामद कर ली।

फिलहाल पुलिस में आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओम प्रकाश नेगी के साथ एएसआई जगदीश मेहरा एवं कांस्टेबल दीपक बोरा शामिल रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**रू-ब-रू**

आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पत्रकारों से की वार्ता

# समाज हित में एक मंच पर काम करूंगा : व्यापारी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि समाज हित में एक मंच पर कार्य करने को हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने बंगाली समाज द्वारा 20 सितंबर को रुद्रपुर गांधी पार्क में हुए बंगाली समाज का महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए विशेषकर समाज के युवाओं व छात्रों एवं लोगों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया।

बुधवार को आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि बंगाली समाज वर्षों से उपजातियां नमःशुद्र, पौंड माझी व अन्य जातियों को अनुसूचित जाति के दर्जा की मांग को केंद्र व प्रदेश सरकार के समक्ष उठाते आया है। लेकिन किसी भी सरकार ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रदेशाध्यक्ष व्यापारी ने रुद्रपुर के आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी

संदीप पिलख्वाल द्वारा सिख समाज के एक युवक के साथ किए अभद्र व दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने एसआई संदीप पिलख्वाल को बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने भरोसा जताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली की जनता के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधा देने के कार्यों को पूर्ण करेंगी। इस मौके पर सुभाष माझी, मनोरंजन साना, तपन घरामी, नरेश तपाली, सुबोध भक्त, नरेश विश्वास, सुभाष माझी, राकेश कुमार राघवेंद्र सिंह जलाल, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।



दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करते आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर मारपीट विहिप नेता पर मुकदमा दर्ज

**सितारगंजः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव को लेकर समर्थक टकराने लगे हैं। मंगलवार देर रात्रि विश्व हिंदू परिषद के नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। तुषार शर्मा निवासी सिसौना ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि वह छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी धर्मेश जोशी के चुनाव प्रचार प्रसार से वापस आ रहा था। मंगलवार शाम विहिप नेता अजय भगत का फ़ोन आया कि उससे व धर्मेश से नकुलिया चौराहे पर मिलना है। जैसे ही नकुलिया चौराहे पर पहुचे वहां पहले से मौजूद अजय भगत, सोमेश क्षेत्री व अन्य चार साथियों ने कार से लाठी डंडे निकाले और दोनों को गाली गलौच करते हुए पीटना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि अजय भगत ने तमंचा सटाकर जबरदस्ती कार में बैठा लिया । साथ ही सिर पर तमंचा रखकर ट्रिगर दबाने का भी आरोप लगाया। तुषार के अनुसार उसने अजय भगत का हाथ झटक दिया जिससे गोली उसके सिर के पास खिड़की से बाहर निकल गयी। अजय व उसके साथी किसी अज्ञात स्थान पर ले गये। जहां पुलिस ने छुड़ाया। कोतवाल भूपेंद्र बृजवाल ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**एक नजर**

## रास्ते से ट्रैक्टर निकालने को लेकर मारपीट

**बाजपुर :** रास्ते से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नामजद छह महिला-पुरुषों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वार्ड-सात आदर्श नगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी मुनव्वर हुसैन ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 5 सितंबर को दोपहर बाद 1:20 बजे उसका पुत्र महफूज घर से ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। छोटे बेटे निसयाज अली उर्फ मुन्ना ने घर के नजदीक रास्ते में खड़ी बाइक हटाने के लिए सलीम, नईम व फईम पुत्रगण शमीम से कहा। आरोप है कि इस पर इन लोगों ने अन्य स्वजन मो .अजहर, वसीम जहां पत्नी सलीम, मन्नात पुत्री सलीम आदि के साथ मिलकर रास्ते से ट्रैक्टर निकलने का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमलावर हो गए। उन्होंने पुलिस में मामले की लिखित शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई जिसकी वजह से उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी है।

### देर रात्रि तक चलता रहा दलित समाज का धरना, एसपी सिटी और एमएनए ने मांगा दीपावली तक का समय

# पार्क प्रकरण में ठेला व्यापारी-दलित समाज आमने-सामने

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आंबेडकर पार्क की दुर्दशा के खिलाफ दलित समाज का आक्रोश नहीं थमा और मंगलवार की देर रात्रि तक धरना चलता रहा। सुबह होने पर ठेला व्यापारी-दलित समाज आमने-सामने आ गए। इसकी सूचना मिलते ही एसपी सिटी और एमएनए मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने के बाद दीपावली तक का समय मांगा। इसके बाद मामला शांत हुआ।

मंगलवार को अनुसूचित समाज के लोगों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा और भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के साथ धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने आंबेडकर पार्क से ठेलियां हटाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाने सहित छह सूत्रीय मांगें उठाईं। जब कोई निर्णय नहीं हुआ तो मंगलवार रात्रि तक धरना प्रदर्शन जारी रहा। बुधवार की सुबह जब ठेला व्यापारी पार्क में खड़ी ठेलियों में कारोबार शुरू करने लगे तो ठेला व्यापारी-आंदोलित दलित समाज के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई।


धरना दे रहे दलित समुदाय के लोगों को समझाते एमएनए। ● अमृत विचार

सूचना मिलते ही एसपी सिटी मनोज कत्याल, एमएनए नरेश दुर्गापाल, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोनों पक्षों से वार्ता कर मामला शांत करवाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि दीपावली से पहले ठेला व्यापारियों को वेंडिंग जोन में स्थान दिया जाएगा और पार्क के सौंदर्यीकरण की मुहिम छेड़ी जाएगी। इस अवसर पर महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, दीपक सागर, रंजीत सागर, शिव कुमार शिब्बू, सुरेश भारती सुरेश गौतम, सतपाल ठुकराल, राजकुमार सागर, राहुल सागर, विजय सिंह, विशाल मेहरा, धर्मवीर सागर आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कर्मी बताकर युवक से मांगे 3.10 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक युवक को सरकारी कर्मचारी बताकर जेल भेजने और लाखों रुपये मांगने का मामला सामने आया है, जबकि पीड़ित का कहना था कि उसने उधारी की सारी रकम चुकता कर दी थी। बावजूद उसे धमकाया जा रहा है। प्रकरण की शिकायत करने पर एसपी सिटी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

फुलसुंगा निवासी रमेश चंद्र बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और उन्होंने एसपी सिटी को शिकायती पत्र देते हुए कुछ माह पहले उसने मकान बनाने के लिए 1.77 लाख रुपये उधार लिए थे। रकम चुकता करने के बाद कोई रिकॉर्ड नहीं होने पर उस पर 64 हजार की उधारी निकाल दी। सबूत नहीं होने के कारण थाना ट्रांजिट कैंप में चेक के माध्यम से उधारी की पूर्ण रकम भी वापस कर दी। 15 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक अनिल कुमार नाम के व्यक्ति ने कॉल की, जो खुद को डीएम कार्यालय का कर्मी बता रहा था। आरोप था कि कॉलर ने 3.10 लाख रुपये नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी भी दी, जबकि वर्तमान में उस पर कोई उधारी भी नहीं है। शिकायती पत्र आने के बाद एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि प्रकरण सूद खोरी का प्रतीत हो रहा है। जिसके लिए गठित एसआईटी को प्रकरण की जांच के आदेश दे दिया है। साथ ही सरकारी कर्मी बन कर पैसा मांगने अपराध की श्रेणी में आता है। उस व्यक्ति को भी चिह्नित किया जाएगा।

# दरोगा का पिथौरागढ़ तबादला, लोग संतुष्ट

### संगठनों को दी एसपी सिटी ने जानकारी, आंदोलन स्थगित करने का किया गया ऐलान

**कार्रवाई**

**25** सितंबर तक का समय मांगा था, बुधवार को व्यापारी, किसान संगठनों के लोगों की बैठक हुई

**26** सितंबर को किसान और व्यापारी संगठन के पुलिस कार्यालय घेराव के ऐलान किया गया था

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी के पूर्व चौकी प्रभारी द्वारा अमर्यादित व्यवहार किए जाने के प्रकरण में व्यापारी व कई किसान संगठनों की एक बैठक हुई। इसके बाद सभी संगठनों ने एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आरोपी दरोगा संदीप पिलखवाल का पिथौरागढ़ तबादला कर दिया गया है। वहीं पीड़ित युवक के परिजनों द्वारा पुलिस कार्रवाई से संतुष्टि जताने पर संगठनों ने भी आंदोलन को स्थगित किए जाने का ऐलान कर दिया।



एसपी सिटी के साथ बैठक करते व्यापारी व किसान संगठन। ● अमृत विचार

कुछ दिनों पहले आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया था। बवाल व हंगामे के बाद एसपी सिटी ने 25 सितंबर तक का समय मांगा था। बुधवार को व्यापारी, किसान संगठनों के लोगों की एक बैठक हुई और पीड़ित युवक के पिता को साथ लेकर संगठनों ने एसपी सिटी से मुलाकात की। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी दरोगा को हटा दिया है और लाइन हाजिर किए जाने के बाद अभी जांच जारी है। दरोगा का तबादला पिथौरागढ़ कर दिया गया है। जिस पर युवक के पिता ने कार्रवाई पर संतुष्टि जताते हुए आंदोलन नहीं किए जाने का आग्रह किया।

इस पर संगठनों ने भी अपनी सहमति जताते हुए पुलिस कार्यालय घेराव की रणनीति को स्थगित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

एसपी सिटी ने कहा कि अभद्रता मामले को शुरू से ही गंभीरता से लिया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया था। किसी भी पुलिस कर्मी द्वारा ड्यूटी के दौरान लापरवाही व अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, भाकियू के गुरसेवक सिंह मोहर, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, जितेंद्र सिंह जीतू, जसवीर सिंह उत्पल, रणजीत सिंह राणा, जागीर सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, नवतेज पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरी का आरोप लगाकर पीटे गए युवक ने दम तोड़ा

**बाजपुर:** तीन दिन पहले चोरी का आरोप लगाकर की गई मारपीट में घायल युवक की मौत हो गई है। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों ने गांव के ही रिश्तेदार सब्जी विक्रेता पर आरोप लगा कार्रवाई की मांग की है।

अजीमुल्ला भूड़ी भट्टपुरी निवासी राम सिंह (39) पुत्र रामकिशोर की बुधवार की तड़के मृत्यु हो गई। सूचना पर कोतवाल नरेश चौहान पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव कब्जे में लेने के साथ ही आवश्यक जानकारी हासिल की। परिजनों ने बताया कि 23 सितंबर को सब्जी विक्रेता रिश्तेदार के यहां से 2000 रुपये की चोरी हो गई थी। इसका आरोप राम सिंह पर लगाते हुए सब्जी विक्रेता ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। इसमें वह घायल हो गया और उसका उपचार चल रहा था। परिजन घर पर ही चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार करवा रहे थे। इसी बीच बुधवार की तड़के राम सिंह की मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि मृतक राम सिंह नशे का आदी था। वहीं पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए दो लोगों को कोतवाली में बैठा लिया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

# ई-रिक्शा चालक ने किया बखेड़ा


ई-रिक्शा चालकों को जानकारी देते सीपीयू प्रभारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**हंगामा**

- सीपीयू कर्मियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप
- आपराधिक इतिहास की लगी भनक तो शांत हुए चालक

**अमृत विचार:** बुधवार की दोपहर को उस वक्त एक ई-रिक्शा चालक ने बखेड़ा खड़ा कर दिया, जब सीपीयू कर्मियों ने उसका ई-रिक्शा पकड़ लिया। इसके बाद चालक ने बाकी चालकों में अफवाह फैलाकर हंगामा खड़ा कर दिया और चालकों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जांच में सीपीयू कर्मियों को पता चला कि बखेड़ा करने वाले आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद अपने आप ही हंगामा बंद हो गया और आरोपी रफूचक्कर हो गया।

बुधवार की दोपहर को सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट की मौजूदगी में सीपीयू कर्मी यातायात व्यवस्था देख रहे थे। इस दौरान कर्मियों ने एक ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया। वह दूसरी बार निर्धारित मार्ग से हटकर संचालन कर रहा था। कार्रवाई को देखकर संजू नाम के चालक ने हंगामा करना शुरू कर दिया और बाकी चालकों को एकत्रित कर धरना शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद जब सीपीयू कर्मियों को पता चला कि हंगामा करने वाले पर 13 संगीन धाराओं में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं तो उन्होंने इसकी जानकारी अन्य चालकों को दी। इसके बाद आंदोलित चालक वहां से चले गए और आरोपी चालक भी मौका देखकर रफूचक्कर हो गया। सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट ने बताया कि हंगामा काटने वाले चालक पर शेरगढ़ यूपी से लेकर थाना पंतनगर, रुद्रपुर में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसकी जानकारी जुटाई जाएगी और आरोपी किसी मामले में वांछित हुआ तो उसको पकड़ा भी जाएगा।

# दो वाहनों की भिड़ंत में छह घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** वाहनों की आपस में हुई भिड़ंत में छह महिला-पुरुषों के चोटें आई हैं जिन्हें सरकारी व निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से एक वृद्ध महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

बुधवार को नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर एक मैरिज पैलेस के सामने विपरीत दिशा से आ रहीं स्कार्पियो कार व बलेनो कार आपस में भिड़ गईं। इसमें दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में भट्टी गांव थाना थल जनपद पिथौरागढ़ निवासी चंद्रा देवी (75), दीवान सिंह व मीना देवी एवं दूसरी कार में सवार आवास विकास हल्द्वानी निवासी रविंदर कौर, मंजीत सिंह एवं बलवीर कौर के चोटें आई हैं। घायलों को सरकारी व निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। इनमें से चंद्रा देवी की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं हादसे के बाद एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को रोड से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया। साथ ही वाहनों को कब्जे में ले लिया है।


बाजपुर में हाइवे पर वाहनों की भिड़ंत के बाद जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**काशीपुर :** काशीपुर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। काशीपुर निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती मुरादाबाद निवासी इमरान से हुई थी। जिसके बाद आरोपी युवक ने पीड़िता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। जिसे पीड़िता ने स्वीकार कर लिया। आरोप लगाया कि जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। कहा कि बीते दिन पीड़िता ने आरोपी से शादी करने की बात कही। जिस पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की।

# प्रेम प्रसंग के चलते किशोर ने लगाई फांसी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** निकटवर्ती ग्राम-बसंतीपुर निवासी 17 वर्षीय किशोर ने प्रेम प्रसंग के चलते घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


विक्की दास।

बुधवार सुबह ग्राम बसंतपुर निवासी विक्की दास (17) पुत्र प्रशांत दास ने माता- पिता के काम पर चले जाने के बाद टिनशेड पर लगी बल्ली में फंदा बांध कर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूर्व विक्की ने पहले हाथ की नस काटी थी। आसपास के लोगों को पता चलने पर उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर एसआई मनोज कुमार व एसआई प्रदीप भट्ट मय पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने बताया कि पास के गांव की एक नाबालिग लड़की से विक्की का प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों को पता चलने पर पंचायत में दोनों पक्षों के बालिग होने पर शादी कराने पर रजामंदी हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि विक्की पिछले एक माह से डिप्रेशन में चल रहा था। विक्की ने कुछ दिन पहले भी विषैला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। लेकिन परिजनों को समय से पता चलने पर उपचार करवाकर उसे बचा लिया था। विक्की की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं गांव-बसंतीपुर में मातम छाया हुआ है। विक्की की मौत से माता सुनीता दास बेसुध हो गई। पिता प्रशांत दास, छोटी बहन खुशबू दास, दादा विमल दास व दादी दीपाली दास का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के माता-पिता दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण -पोषण करते हैं।


दिनेशपुर के ग्राम- बसंतीपुर में पुत्र विक्की की मौत के बाद बेसुध मां सुनीता दास।

**दुखद**

- घर के इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में मचा कोहराम
- पहले भी जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश कर चुका था

**आक्रोश** व्यापारियों की हंगामेदार बैठक में लिया फैसला, एसडीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

# हाट बाजार को नहीं लगने देने का किया ऐलान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** श्री रामभवन धर्मशाला में व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित व्यापारियों की हंगामेदार बैठक में सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को पूर्ण रूप से न लगने देने का ऐलान किया गया। बैठक में व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे।

बैठक में मौजूद व्यापारियों ने एक स्वर में सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को विरोध किया और साप्ताहिक हाट बाजार को किसी भी कीमत पर न लगने देने का संकल्प लिया। व्यापार मंडल महामंत्री ललित कोछड़ 'वायटी', कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह 'साबू', जिला उपाध्यक्ष प्रमोद राजहंस, जिला संगठन मंत्री संजय रूहेला ने संयुक्त रूप से कहा कि बाजपुर में साप्ताहिक हाट बाजार की अब कोई जरूरत नहीं है। नगर के व्यापारियों की भावनाओं के अनुरूप साप्ताहिक हाट बाजार नहीं लगने दिया जाएगा। इस बावत एक ज्ञापन कल एसडीएम राकेश चन्द्र तिवारी को सौंपा जाएगा। मांग न माने जाने पर समस्त व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर विमल शर्मा, ओपी अग्रवाल, गजानन्द मित्तल, भगवंत सिंह म्यान, उस्मान अली, सतीश गोयल, अनन्त जैन, बंटी ठक्कर, स. नत्था सिंह धवन, जोगेश आनन्द, रोबिन उप्पल, प्रवीन जिन्दल, राकेश मौर्य, विनय बंसल, जितेन्द्र यादव, सन्नी वर्मा, राजन वाही, निखिल मैनी, सुमित मैनी, संजीव बहल, कृपा सूरी, वाजिद आदि मौजूद थे।


बाजपुर में साप्ताहिक हाट बाजार पूर्ण रूप से बंद करने के समर्थन में हाथ उठाकर सहमति व्यक्त करते व्यापारी। ● अमृत विचार

## विधायक कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**रुद्रपुर:** शहर में ऑटो लिफ्टर गिरोह इतना बेखौफ हो चुका है कि अब सत्ताधारी विधायक के कार्यालय के सामने खड़े वाहनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। चोरों ने विधायक शिव अरोड़ा के कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक को चुरा लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। खेड़ा बस्ती निवासी अमित पाल ने बताया कि वह छह सितंबर अपनी बाइक संख्या यूके-06 एवाई-2306 को लेकर दोपहर साढ़े बारह बजे विधायक कार्यालय पहुंचा और बाहर लॉक करके खड़ी कर दी थी। शाम साढ़े पांच बजे वापस लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# कंबाइन चालक का शव बाग में मिला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मोहम्मदपुर भुडिया के कंबाइन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसका शव गांव के पास आम के बाग से बरामद हुआ है। इधर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।


अनिल कुमार।

पुलिस को बुधवार को घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 टोल फ्री नम्बर पर दी। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रकाश सिंह दानू भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त मोहम्मदपुर भुडिया निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई मृतक कंबाइन चालक था। दोपहर के समय निजी फॉर्म से कंबाइन चलाकर घर लौटा था। पत्नी अनिता से आवश्यक कार्य बता कर घर से चला गया था और दोपहर के समय दो दोस्तों के साथ गांव में देखा गया था। इधर देर शाम उसका शव गांव से दूर आम के बाग में पड़ा मिला। मृतक के एक हाथ में कटे का निशान तथा ब्लड लगा है। मृतक के पांच भाई है तीन भाइयों से छोटा एक से बड़ा था और ड्राइवरी करके गुजर बसर करता था। परिवार की माली हालत बेहद खराब है। मृतक का परिवार आज भी घास फूंस से बनी झोपड़ी में गुजारा करता है। मृतक अपने पीछे पुत्र हर्ष (5 वर्ष), पुत्री दृष्टि (9 वर्ष), शिवन्या (7 वर्ष) और पत्नी अनीता को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### पेंटर की मौत पर जताई हत्या की आशंका

**काशीपुर :** बीते दिन पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास स्थित एक खेत संदिग्ध परिस्थितियों में सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल एक पेंटर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर दो लोगों पर उसके बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है। बुधवार को मृतक आनंद के पिता राधेश्याम निवासी कचनाल गाजी ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि मंगलवार की दोपहर लगभग 2 .30 बजे उसके दूसरे पुत्र अनुराग के पास किसी का फोन आया कि उसके पुत्र आनंद के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है, जिसके कारण सरकारी अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गयी है। उसके पुत्र को मारने वालों की वीडियो आस-पास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में सुरक्षित है, जिनकी जांच घटना की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।




**विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है,यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है,जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।**

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है,परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है,जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है,जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि,उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया,जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है,जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है,जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है,यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है,जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है,जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा,बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति,जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना,जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना,दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

**दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।**

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल,जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र,चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है,लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है,जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है,लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है,उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति,परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुख्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है,इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है। ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है,क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं,बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

**बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।**

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है,जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि,महत्त,अहंकार,मन,पांच संवेदी क्षमताएं,जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता,महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है,उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत,यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है,जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी,मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है,अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं,किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

# पंडित दीनदयाल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर के गांधी पार्क में धूमधाम से मनाई जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंत्योदय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने पार्षदों एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ गांधी पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के महान कार्य कभी भुलाए नहीं जा सकते। अंत्योदय और एकात्म मानवतावाद के माध्यम से उन्होंने हर व्यक्ति को देश की प्रगति में सहभागी बनाने का रास्ता दिखाया। उनका पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने देश और दुनिया में प्रसिद्ध अंत्योदय की बात की थी। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल के जनकल्याण के मार्ग पर चलकर ही आज केंद्र की मोदी सरकार वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ रही है। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी गजेंद्र प्रजापति, पार्षद निमित शर्मा, सुशील चौहान, बबलू सागर, भुवन गुप्ता, राधेश शर्मा, डॉ. राकेश सिंह, प्रमोद शर्मा, नारायण जोशी, गौरव शर्मा, राधेश्याम, हिमांशु कनौजिया, हरीश चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण करते निवर्तमान मेयर व अन्य। ● अमृत विचार


जसपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**जसपुर :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, महामंत्री विशाल कुमार कश्यप, अभिषेक कुमार, डॉक्टर सुदेश चौहान, सुधीर बिश्नोई, अशोक खन्ना, बलराम तोमर, हाजी राशिद, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने वार्ड नंबर 22 रम्पुरा के एकराम आर्य पार्क में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ और वार्ड वासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान 103 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने लोगों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। इस अवसर पर राज कोली, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, लालता प्रसाद, सुरेंद्र कोली, धर्मवीर कोली, रवि, नीरज, राहुल, रोहित, गणपत, बीरू, साहिल, मुकेश, रामू, रवि सागर, अमर सिंह, बाबा शंकर, राजू कोली, बंटी, मिथिलेश, चंद्रावती, अंजलि, राखी, खुशबू, पिंकी, नेहा आदि मौजूद रहे।


एकराम आर्य पार्क में सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### किच्छा में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती


किच्छा में मूर्ति पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

**किच्छा :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाइयों ने नगर के मुख्य बाजार स्थित चौक की साफ सफाई करने के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर किशन गोयल एवं सुरेश पपनेजा के अलावा राजीव अग्रवाल, लवी सहगल, दीपक पाठक, अखिल अरोड़ा, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे। इधर आवास विकास में भी भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए उनके चित्र पर फूल मालाएं पहनाकर उनके योगदान को याद किया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री दया डसीला, धर्मराज जायसवाल, राजकुमार कोहली, सुजाहत यार खान, संगीता शर्मा, नितिन वाल्मीकि, राजकुमार कोली, कविता मान, सुनीता गंगवार, मुकेश कोहली, आरती दुबे, हारून मलिक, देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर होगी आक्रोश रैली

**काशीपुर :** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि 26 सितंबर को गांधी पार्क रुद्रपुर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में आक्रोश रैली होगी। उन्होंने अधिक संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को समर्थन रैली में शामिल होने की अपील की है।

### नगर निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

**काशीपुर :** नगर निगम ने खोखरा मंदिर रोड पर श्मशान घाट के सामने सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का लक्ष्य उन क्षेत्रों की सफाई करना था, जिन्हें लंबे समय से अनदेखा किया गया था। अभियान का पर्यवेक्षण सहायक नगर आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी ने किया।



खटीमा के कोर्ट परिसर में मौजूद न्यायाधीश, अधिवक्ता और लायंस के कार्यकर्ता।

### खटीमा के कोर्ट परिसर में चलाया सफाई अभियान

**खटीमा :** लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के सहयोग से सिविल कोर्ट परिसर में सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सिविल न्यायलय के सभी न्यायाधीश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ सिविल जज दुर्गा शर्मा, सिविल जज भारती, अपर सिविल जज अमित भट्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव हरजीत सिंह आदि ने उत्साहवर्धन किया। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय सहित सदस्यों ने न्यायाधीशों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर, पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौक़े पर जितेन्द्र बत्रा (सचिव), संजय गुप्ता (कोषाध्यक्ष), विवेक अग्रवाल, हरप्रीत गंभीर, दीवानी चंद, जगदीश शर्मा, राहुल कंसल, प्रवीण मित्तल, सुधीर बत्रा आदि मौजूद रहे।



खटीमा के खेलडिया गांव में आयोजित जागरूकता कैंप में भाविप के लोग।

### खेलड़िया में लगा एनीमिया जागरूकता कैंप

**खटीमा :** भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में बुधवार को निजी विद्यालय में एनीमिया मुक्त भारत के संकल्प हेतु एनीमिया रक्त परीक्षण एवं जागरुकता कैंप आयोजित किया गया। इसमें 78 महिलाओं का रक्त परीक्षण किया गया। सचिव नीरज रस्तोगी ने बताया कि महिलाओं को लोहे की कढ़ाई, गुड़ और चना वितरित किया गया। इस दौरान लोगों को एनीमिया के बारे जानकारी खिंडा पैथोलॉजी की टीम द्वारा दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील रैदानी, दीप चंद्र खर्कवाल, दलजीत सिंह खिंडा, संजय कपूर, रितेश टंडन, सोनिया सुनेजा, मधु शर्मा, ममता आदि मौजूद रहे।

### मोहित ने गोल्ड और वेदांत ने सिल्वर मेडल जीता


पदक विजेता मोहित और वेदांत।

**खटीमा :** 5वीं राज्य स्तरीय ओलंपिक खेल प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्र मोहित पोखरिया ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड और वेदांत कन्याल ने हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला एथलेटिक संघ की ओर से एथलेटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, भरत बिष्ट, परविंदर खाती, दया किशन पंत, मनीष कुंवर, कमल इकराल, हरीश भट्ट ने दोनों को बधाई दी है।

# सिटी क्लब की घोषणा पर हर्ष

▸▸ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खटीमा के बुद्धिजीवी वर्ग के लिए सिटी क्लब बनाने की घोषणा का स्वागत किया है। कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्र होकर मुख्य चौक तक ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ जुलूस निकाला।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विगत दिनों खटीमा आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके समक्ष खटीमा सिटी क्लब की स्थापना की मांग रखी थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीघ्र ही अपनी घोषणा में शामिल किया है। कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल बोरा, जीवन धामी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखारिया, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित कुमार पांडे, राहुल चौहान, सुरेश जीना, ललित जोशी, कामिल खान, मनोज शाही, हाफिज रहमान, भवानी भंडारी, संतोष अग्रवाल, नीलू गुप्ता, विजय गुप्ता, रविंद्र राणा मौजूद रहे।


खटीमा में सिटी क्लब की घोषणा पर सीएम का आभार जताते भाजपा कार्यकर्ता।

## महिला हिंसा से बचाव की जानकारी दी

**काशीपुर :** आरोहण सामाजिक संस्था ने कृष्णा कॉलोनी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य युवा लड़कियों को देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और शोषण की बढ़ती घटनाओं के बारे में शिक्षित करना था। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान आरोहण संस्था की अध्यक्ष नीता पोखरिया ने बच्चों को किसी भी खतरनाक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। पोखरिया ने बच्चों को देखभाल और स्नेह व्यक्त करने वाले स्पर्श और दुर्भावनापूर्ण इरादे वाले स्पर्श के बीच अंतर को समझने के महत्व के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त संस्था की सचिव चित्रा बिष्ट ने भी विचार व्यक्त किये।

# गोल्डन कार्ड प्रक्रिया शुरू होने की कवायद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्षों से लंबित स्वास्थ्य लाभ योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू होने की कवायद तेज होने लगी है।

उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा समेत प्रांतीय संगठन पदाधिकारियों ने पूर्व में स्वास्थ्य उप सचिव, स्वास्थ्य निदेशक से मुलाकात की थी। उन्होंने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनाने का प्रस्ताव रखा था। वहीं प्रांतीय अध्यक्ष ने देहरादून जनपद के जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मेहता को बतौर प्रतिनिधि के रूप में आईएफएमएस डाटा सेंटर भेजकर शिक्षकों के वेतन से कटौती कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने को कहा था। मेहता ने बताया कि डाटा सेंटर के उच्च अधिकारियों ने गोल्डन कार्ड के लिए निर्धारित अंश को कर्मचारियों के वेतन से कटौती करने का शीघ्र ऑप्शन खोलने का आश्वासन दिया है। प्रदेश महामंत्री जगमोहन सिंह रावत ने अंशदान कटौती में तेजी लाने का आह्वान किया।

# एसएसबी महानिरीक्षक ने चौकियों का किया भ्रमण


एसएसबी के जवानों की बैठक लेते महानिरीक्षक अमित कुमार।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार ने मंगलवार को सीमा चौकियों का भ्रमण किया और वहां तैनात एसएसबी 57वीं बटालियन के जवानों के साथ समीक्षा बैठक की। नेपाल सीमा से लगी चौकियों के भ्रमण को आए रानीखेत मुख्यालय के महानिरीक्षक कुमार ने चौकियों के साथ ही सीमा पर पहुंचकर पिलरों की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने सीमा की गतिविधियों और आवागमन के संबंध में अधिकारियों से गहन मंत्रणा की।

# कॉलेज में मनाया फार्मासिस्ट दिवस

▸▸ कार्यक्रम के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** खोखराताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि हरपाल सिंह मेमोरियल महाविद्यालय संभल के निदेशक राजेंद्र पाल सिंह, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान एवं निदेशक डॉ. कपिल कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान एवं चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक डॉ. कपिल कुमार ने कहा कि इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2024 का विषय फार्मासिस्ट वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। संस्थान के विभागाध्यक्ष अमित सेन ने छात्र-छात्राओं को बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के बारे में विस्तार से बताया और फार्मासिस्ट के कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र के साथ पुरस्कृत भी किया गया। वहां पर जफर, मीना, सीमा, वैशाली, मनीष, अतुल, वसुधा, अंकित राजपूत, हिमानी, शिवम, सचिन, अंजलि, संदीप, योगेश, देवेश आदि स्टाफ मौजूद रहा।


काशीपुर में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली को देखते अतिथि। ● अमृत विचार

## आस्था

दिनेशपुर में रामलीला का मंचन 30 सितंबर से होगा, विजयदशमी के दिन विधिवत समापन होगा

# यात्रा निकाल कर आईटीआई मैदान में श्रीरामध्वज की स्थापना

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी द्वारा लीला मंचन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंचन प्रारंभ होने से पूर्व कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने नगर में धूमधाम से ढोल-नगाड़ों के साथ श्रीराम ध्वज यात्रा निकाली। ध्वज को मंत्रोच्चारण के बीच आईटीआई मैदान में स्थापित किया गया।

बुधवार शाम कालीनगर रोड स्थित श्रीदुर्गा मंदिर परिसर में कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य एकत्र हुए। यहां से श्री राम-हनुमान ध्वज हाथों में लेकर ढोल-नगाड़ों व जय श्री राम के उद्घोष के साथ ध्वज यात्रा निकाली। जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक से मुख्य बाजार होतें हुए आईटीआई मैदान लीला मंचन स्थल पहुंची। नगरवासियों ने ध्वज यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंडित सूरज शर्मा ने पूजा-अर्चना के बाद मंत्रोच्चारण के बीच ध्वज को स्थापित कराया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष योगेश मिगलानी ने बताया कि स्थानीय कलाकारों द्वारा 30 सितंबर से रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा। विजयदशमी के दिन विधिवत समापन होगा।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, कमेटी पूर्व अध्यक्ष दीपक मक्कड़, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, समाजसेवी तरुण कुमार सिंह, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, हिमांशु सरकार, सत्यप्रकाश, अनिल रौतेला, अशोक कालड़ा, गोपाल चक्रवर्ती, विकास अरोरा, पंकज गोयल उर्फ सोनू, अशोक अरोरा, भोला शर्मा, चेतन सुखीजा, प्रमोद अरोरा, राहुल बाठला, अमित मक्कड़, विकास छावड़ा, राकेश बाठला आदि सहित दर्जनों कमेटी सदस्य मौजूद रहे।


दिनेशपुर में श्रीरामध्वज यात्रा निकलते रामलीला कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार

# ऊधमसिंह नगर का रहा दबदबा

▸▸ लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में हुई पांचवीं उत्तराखंड ओलंपिक स्टेट गेम लेजर रन प्रतियोगिता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पांचवां उत्तराखंड ओलंपिक स्टेट गेम लेजर रन प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर बालक टीम और बागेश्वर बालिका टीम अव्वल रहे।

बुधवार को लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में आयोजित लेजर रन स्टेट प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, हरिद्वार, पिथौरागढ़ जिले की टीमों ने प्रतिभाग किया। लेजर रन बालक में सक्षम प्रताप सिंह प्रथम, नीरज नेगी द्वितीय, गौरव नेगी तृतीय और लेजर रन बालिका में ममता खाती प्रथम, कोमल द्वितीय, मंजू तृतीय स्थान पर रहे। मिक्स्ड रिले बालक-बालिका वर्ग में प्रथम ममता खाती-गोकुल सिंह बागेश्वर, कोमल-अमन कुमार नैनीताल रहे द्वितीय, नीरज नेगी-नैंसी रावत उधम सिंह नगर तृतीय रहे।

वहीं बालक टीम सक्षम, नीरज, शांतनु उधम सिंह नगर को प्रथम स्थान मिला। द्वितीय स्थान पर अमन, शिवांशु, मोहित नैनीताल व तृतीय स्थान पर गौरव, अजय, मानस अल्मोड़ा रहे। बालिका टीम में ममता खाती, मंजू, माधुरी भंडारी बागेश्वर प्रथम स्थान, डिंपल, पिंकी रावत, शालिनी द्वितीय स्थान और पूजा रावत, नैंसी रावत, अलीशा खान तृतीय स्थान पर रहे। पूरी प्रतियोगिता में तीन गोल्ड पदक के साथ बागेश्वर जिला प्रथम, दो गोल्ड के साथ उधम सिंह नगर द्वितीय तथा तीन सिल्वर पदक के साथ नैनीताल तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर पंकज भल्ला, दयाल सिंह, रमेश खर्कवाल मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### तांबे का 70 मीटर तार चोरी

**बाजपुर** :घर के पीछे से चोर तांबे का 70 मीटर विद्युत तार चोरी कर ले गए। घटना सीसीटीवी में देखी जा सकती है। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-4 निकट रेलवे क्रासिंग निवासी जेपी गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर की देर रात 8.30 बजे चोर घर के पीछे से 70 मीटर कापर की विद्युत तार चुराकर ले गए हैं। यह घटना सीसीटीवी में कैद है। वहीं घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**काशीपुर** : जिले में चल रहे वारंटियों के खिलाफ अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से जारी आदेश के आधार पर अल्ली खां निवासी फरकान को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

# खटीमा में देवरी-गांगी मार्ग का कोई सुधलेवा नहीं

## ढाई माह पहले बाढ़ की विभीषिका में क्षतिग्रस्त हुआ था मार्ग, स्कूली बसों के न जाने से बच्चों को हो रही परेशानी

संवाददाता, खटीमा


बाढ़ में खटीमा का क्षतिग्रस्त मार्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खटीमा में बाढ़ की विभीषिका को ढाई महीने बीत गए हैं लेकिन देवरी गांगी के मध्य बही सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जबकि इस मार्ग के टूटने से चार पहिया वाहनों, स्कूल बसों का आवागमन ठप पड़ा है। वहीं अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है। इधर गन्ना मिल चलने वाली है जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

खटीमा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सात-आठ जुलाई को हुई भारी वर्षा से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी। इसमें घरों में पानी भर गया था और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को सहायता के तौर पर पांच-पांच हजार की अहेतुक राशि के रूप में 12 करोड़ से अधिक की सहायता के साथ ही राशन किट वितरित की गई है। जबकि क्षेत्र की सड़कों की हालत आज भी खस्ताहाल है। बाढ़ की इस तबाही में देवरी गांगी मार्ग का आधा हिस्सा बह जाने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है, अलबत्ता बस दुपहिया वाहनों का आवागमन हो रहा है। ढाई माह बाद भी इस मार्ग की सुध न लिए जाने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष बीएस कोटिया ने कहा कि इस मार्ग के टूटने से सबसे ज्यादा




परेशानी बच्चों को स्कूल जाने में हो रही है।

बसों के न जाने की स्थिति में अभिभावकों को स्वयं बच्चों को पैदल या स्कूटी आदि से छोड़ना पड़ता है। गन्ना सोसायटी के डायरेक्टर निशान सिंह कहते हैं कि आगामी माह में गन्ने के सेंटर चालू हो जायेंगे लेकिन गन्ना कैसे जाएगा, इसकी चिंता बढ़ गई है। इधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। अब देखना यह है कि ये मार्ग कब तक ठीक हो पाएगा।

# बिजली गिरने से मस्जिद की दीवारें चटकीं, उपकरण फुंके

संवाददाता, दढ़ियाल (रामपुर)

**नुकसान**
- लोगों को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ
- 9 पंखे, इंवर्टर, सबमर्सिबल पंप व अन्य सामान हुआ खराब

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बुधवार को बारिश के दौरान दो जगह बिजली गिरने से विद्युत उपकरण फुंक गए। मस्जिद की दीवारों में दरारें आ गईं। साथ ही लोगों के घरों में पंखे, बैटरा-इंवर्टर खराब हो गए। घटना में लोगों को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

दढ़ियाल नगर के मोहल्ला कच्ची मस्जिद में अल बकर अहले हदीस मस्जिद है। मस्जिद के मुतवल्ली अख्तर अली ने बताया कि बुधवार को बारिश के दौरान मस्जिद में बिजली गिर गई। इससे मस्जिद की दीवारों में दरारें आ गईं। 9 पंखे, इंवर्टर, सबमर्सिबल पंप व अन्य सामान नष्ट हो गया। इसकी कीमत एक लाख रुपये बताई है। मस्जिद के पास जाहिद अली के घर में दो पंखे, फ्रिज, अहसान के घर में दो पंखे, इन्वर्टर, खराब हो गए। मोहल्ला सईदिया मस्जिद में असगर अली के बेटे अशरफ अली का मकान है। बारिश के दौरान घर में उनकी पत्नी जमीला बेगम अपने दो बच्चों के साथ बैठी थीं। जैसे ही बिजली उनके घर के आंगन में गिरी तो वह भागकर अपने कमरे में चली गईं। जबकि बरामदे में रखे एक इंवर्टर, एक बैटरा, एक वॉशिंग मशीन, एक स्टेबलाइजर खराब हो गया। जमीला ने नुकसान की कीमत 50 हजार रुपये बताई है। बिजली गिरने से लोगों में दहशत है। नायब तहसीलदार अमित कुमार ने बिजली गिरने की जानकारी होने से इनकार किया है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक से लूटी सोने की चेन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मॉर्निंग वॉक पर निकले एक युवक के साथ सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है। आरोप था कि बाइक सवार युवक ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कौशल्या एन्क्लेव फेस-चार निवासी शंभू कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह रोजमर्रा की भांति वहां के रहने वाले मोहन अंकल के साथ सुबह पौने पांच बजे घर से बाहर घूमने निकला था। इस बीच वह बगवाड़ा रोड पहुंचे ही थे कि अचानक बाइक पर सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। उसने अचानक गर्दन पर झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट ली। काफी दूर तक बाइक सवार के पीछे तक भागा भी, लेकिन आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

# मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

**सितारगंज।** नगर के समीप ग्राम सिसैया में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते हुए एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी राजेश पांडेय, ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस की टीम द्वारा 3 घंटे से लगातार कार्रवाई जारी रही। मौके पर खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी रही। मीडिया सहित किसी भी व्यक्ति को प्रतिष्ठान के अंदर नहीं जाने दिया गया। छापेमारी में लग रहे लंबे समय और मामले की गंभीरता को देखते हुए , चर्चा है कि मेडिकल के अंदर प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा है। टीम सितारगंज कोतवाली पहुंचकर संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करायेगी।

# अतिक्रमण के चलते शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, हंगामा

**विवाद**
- गांव में अतिक्रमण के कारण तंग रास्ते से नहीं निकली शव यात्रा
- कलेक्ट्रेट परिसर में शव लाने को लेकर पुलिस से भिड़ी महिलाएं

संवाददाता,बहजोई(संभल)

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में अतिक्रमण से रास्ता तंग हो जाने की वजह से शवयात्रा नहीं निकल पाई तो रास्ते पर कब्जे के विरोध में ग्रामीण सांड़ के हमले में ग्रामीण का शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कलेक्ट्रेट परिसर में शव ले जाने पर अड़ी महिलाओं से पुलिस की जमकर नोकझोंक हुई। एएसपी व डिप्टी कलेक्टर ने रास्ता खाली कराने का आश्वासन दिया तब इस पर ग्रामीणों ने गांव में ले जाकर शव का अंतिम संस्कार किया।

मंगलवार को गांव बमनेटा निवासी ग्रामीण राजेंद्र की सांड़ के हमले में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद गांव की दर्जनों महिलाएं व पुरुष राजेंद्र के शव को लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गांव के रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर हंगामा शुरु कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कुछ दबंगों ने रास्ते की भूमि पर अपने मकान बना लिए हैं। तमाम कोशिशें के बावजूद कब्जा नहीं हटा है। उन्हें अंतिम संस्कार के लिए दीवार के ऊपर चढ़कर शव ले जाना पड़ता है। हंगामा इतना बढ़ा कि महिलाएं शव कलेक्ट्रेट के अंदर ले जाने की जिद करने लगीं। सूचना पाकर डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया व एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा कर रही महिलाओं को समझाया लेकिन वह नहीं मानी। पुलिस से महिलाओं की जमकर नोकझोंक हुई। एएसपी ने ग्रामीणों को अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर 1 घंटे बाद महिलाएं शांत हुईं। उन्होंने शव ले जाकर गांव में अंतिम संस्कार किया।

### डिप्टी कलेक्टर ने अवैध कब्जे का किया निरीक्षण

**बहजोई।** ग्रामीणों की मांग के अनुसार डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया पुलिस बल के साथ गांव में पहुंच गए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ अवैध कब्जे को लेकर सभी कागजात दिखाए और अपनी समस्या को बताया। जिसको लेकर डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामीणों को समझाया कि वह डीएम को पूरी स्थिति से अवगत कराएंगे और जल्द ही जहां अवैध कब्जा है कागजात के अनुसार उसे हटाया जाएगा और ग्रामीणों को रास्ता दिलाया जाएगा।

### गांव में अवैध कब्जे का यह है पूरा मामला

**बहजोई।** गांव में दो पक्ष हैं जिसमें एक पक्ष गांव के आगे रास्ते पर अपने मकान बनाकर रहता है तो दूसरा पक्ष उन मकानों के पीछे रहता है। पीछे रहने वाले पक्ष का कहना है कि उनके आगे कुछ ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर अपने मकान अवैध रूप से बना लिए हैं। वहीं रेलवे ने अपनी जमीन पर कब्जा करते हुए दीवार बना ली। जिससे गांव से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। वहीं दूसरा पक्ष अपने मकान को सही बताता है। 4 वर्षों से विवाद चल रहा है।

# शाहजादे आलम मेघनाथ व मोहम्मद रईस निभाएंगे परशुराम का किरदार

सलमान खान, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शाहजादे आलम और मोहम्मद रईस आज के दौर में हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल को जिंदा रखे हैं। यह दोनों मुस्लिम होने के बावजूद खुले मन से रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाते हैं। पहले भगवान राम, रावण और लक्ष्मण, भगवान शंकर के अलावा अन्य किरदार निभा चुके शाहजादे इस बार मेघनाथ और रईस परशुराम भगवान का किरदार रामलीला में करेंगे। यह दोनों मुस्लिम कलाकार कार्तिकेय संस्था की ओर मध्यप्रदेश में होने वाली रामलीला में 27 सितंबर से अभिनय करेंगे।

इस बार मध्य प्रदेश और हरियाणा के रोहतक में कार्तिकेय संस्था की ओर से होने वाली रामलीला सर्व धर्म समभाव का संदेश दे रही है। इस रामलीला में मोहम्मद रईस भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे तो वहीं शाहजादे आलम मेघनाथ के रोल में अदाकारी करके रामलीला के दर्शकों का दिल जीतेंगे। कार्तिकेय संस्था के निर्देशक पंकज अग्रवाल दर्पण ने बताया कि शहजादे आलम पेशे से पेंटर हैं, लेकिन पिछले 20 साल से हमारे साथ जुड़े हैं और हर साल रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाते हैं। वहीं मूल रूप से जनपद बरेली के रहने वाले मोहम्मद रईस पोल्ट्री फार्म चलाते हैं, लेकिन 20 साल से रामलीला में अभिनय करने के लिए समय निकालकर दोनों रामलीला में किरदार निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार रईस परशुराम और शाहजादे मेघनाथ का रोल करेंगे।

हमारी पहली रामलीला मध्य प्रदेश के धार जिले में 27 सितंबर से होने जा रही है, जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। इसके बाद दूसरी रामलीला हरियाणा के रोहतक में होगी। वहीं दूसरी ओर श्री राम मानस मंच के संस्थापक निदेशक राजेश रस्तोगी ने बताया कि वह पिछले 43 सालों से माया नगरी मुंबई में रामलीला कर रहे हैं। उनके साथ मुस्लिम सहयोगी आदिल और अख्तर भी काफी सालों से साथ जाते हैं। उन्होंने बताया कि आदिल और अख्तर हर साल पेंटिंग कर पूरा मंच सजाते हैं।

> मैं पिछले 20 सालों से कार्तिकेय संस्था के साथ जुड़कर रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाता आ रहा हूं। टीम से जुड़ने के दौरान मुझे कभी नहीं लगा कि मैं दूसरे धर्म से हूं। मैं खुद को मुस्लिम नहीं, बल्कि भगवान का सेवक समझकर किरदार निभाता हूं। इस बार मैं मेघनाथ का किरदार निभाऊंगा।
> **-शाहजादे आलम,** रामलीला कलाकार

> इससे पहले मैं रामलीला में भगवान राम, भरत, इंद्र देव का किरदार निभा चुका हूं। मैं पिछले 20 साल से कार्तिकेय संस्था के साथ अलग-अलग शहरों में रामलीला में जा चुका हूं। वैसे तो मेरा पोल्ट्री फार्म का काम है, लेकिन मैं हर साल रामलीला के लिए अलग से समय निकालता हूं और बरेली से मुरादाबाद आता हूं। **- मोहम्मद रईस,** रामलीला कलाकार

> हमारी रामलीला में शाहजादे आलम और मोहम्मद रईस के अलावा ईसाई और सिख समाज के लोग भी जुड़े हैं, जो हर साल रामलीला मंचन में सहयोग देते हैं। हमारी रामलीला सर्वधर्म समभाव का संदेश दे रही है।
> **-पंकज दर्पण,** निर्देशक

# रामगंगा में लाश जा रही है, निकाल लो...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मामला**
- पुल पर खड़े बच्चों को नदी में उतराता हुआ शव दिखाई दिया तो चिल्लाए
- मछली पकड़ रहे मछुआरों ने किया रेस्क्यू

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी से मछली पकड़ने गए मछुआरों में नदी में उतराता हुआ शव देख हड़कंप मच गया। ये देख सभी नदी में कूद गए, कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने कल्यानपुर घाट पर शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

थाना क्षेत्र के पीतल बस्ती निवासी मछुआरे बुधवार दिन में रामंगगा पुल के पास नदी से मछली पकड़ रहे थे। साथ में कुछ बच्चे पुल के ऊपर खड़े थे। इसी दौरान बच्चों को नदी में उतराता हुआ शव दिखाई पड़ा। लाश देखने के बाद बच्चों में हड़कंप मच गया। जोर-जोर से चिल्लाने लगे...लाश जा रही...निकाल लो...लाश जा रही है निकाल लो। बच्चों का शोर सुनकर पुल के पास कांटा डालकर मछली पकड़ रहे पप्पू व अन्य मछुआरों के होश उड़ गए। अपना ही समझ पप्पू ने नदी में छलांग लगा दी। नदी के तेज बहाव में बहती हुई जा रही लाश के पीछे-पीछे तैरते हुए पप्पू और अन्य साथियों ने कल्यानपुर घाट पर शव को पकड़ा। इसके बाद उन्होंने नदी के किनारे रख दिया। मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि मछली पकड़ते समय मछुआरों ने शव बरामद किया था। करीब 23 वर्षीय युवक के गले में हनुमानजी का लॉकेट पहने हुए है। हाथ में कलावा बंधा हुआ है। युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के जिलों और थानों को सूचना भेजी गई है। उन्होंने बताया है कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की शिनाख्त होने के बाद ही संदिग्ध मौत का खुलासा हो सकेगा।

## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4.1.जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2.जनसाधारण के लिए हितकर।
5.1.एक प्रकार का पकवान 2.एक प्रकार की मीठी मठरी।
6.1.शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2.बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3.साहित्य 4.कायदा, नियम 5.प्रज्ञा, विवेक।
7.1.उड़ने की क्रिया या भाव 2.उड़ान
10.1.किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2.काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1.1.अत्यंत मज़बूत 2.वज्र के समान कठोर 3.पक्का, दृढ़।
2.राजा का पुत्र, राजकुमार।
3.1.सुंदर, आकर्षक 2.प्रेमी, मौजी 3.हंसमुख
6.संख्या '38' का सूचक।
8.1.हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2.(पुराण) शिव का वासस्थान।
9.1.ओष्ठ, होंठ 2.घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।




### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गै | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.25 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 23.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष:** आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन:** आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क:** आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या:** आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला:** आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु:** आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर:** आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन:** आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जॉनी आई लव यू — सुबह : 08.56
कोहराम — रात : 08.49

**&pictures**
टॉइलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10.45
रनवे 34 — रात : 08.00

**SONY PIX**
द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10.02
वेनम — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
बजरंगी 2 — सुबह : 10.46
धमाल — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
वेधा — सुबह : 10.40
मक्खी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## सार-संक्षेप

### नशे में कार दौड़ा रहा चालक दबोचा

**अल्मोड़ा :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। थानाध्यक्ष चौखुटिया सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान थाना क्षेत्र बोरगांव में के पास वाहन संख्या यूके 04 एए 7257 स्पोर्ट कार को रोककर चेक किया गया। चेक करने पर वाहन चालक गौरव गुरुरानी निवासी दुगालखोला, अल्मोड़ा शराब के नशे में मिला। जिसके बाद चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया।

### स्टेडियम गई किशोरी हुई लापता

**टनकपुर :** सोमवार को टनकपुर स्टेडियम गई नगर की एक किशोरी लापता हो गई है। मां द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार को सुबह रोज की तरह नगर की एक किशोरी स्टेडियम गई थी जब काफी देर बाद भी वह घर नहीं पहुंची तो उनके परिजनों ने उसके दोस्तों और रिश्तेदारों से संपर्क किया देर रात तक उसकी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। बाद में टनकपुर कोतवाली में इस संबंध में तहरीर दी गई। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि किशोरी की खोजबीन के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। इस मामले की जांच महिला उपनिरीक्षक हिमानी गहतोड़ी द्वारा की जा रही है।

### गुलदार ने तीन मवेशियों को बनाया निवाला

**रानीखेत :** विकासखंड ताड़ीखेत के अंतर्गत निकटवर्ती अम्याड़ी गांव में विगत मंगलवार रात गुलदार ने गौशाले का दरवाजा तोड़ दो गाय सहित कुल तीन गोवंशीय पशुओं को मार डाला। अम्याड़ी गांव में मंगलवार गुलदार ने सुरेश चंद्र पांडे के गौशाले का दरवाजा तोड़कर वहां बंधी दो दुधारू गायों को निवाला बना लिया तथा बछिया को साथ उठा ले गया। इससे गांव में दहशतहै। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश पांडे ने प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।



हवालबाग के रौन गांव में मडुवा प्रक्षेत्र दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद किसान।

### किसानों को मडुवा उत्पादन की नई विधियों की जानकारी दी

**अल्मोड़ा :** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और ग्रास संस्था की ओर से हवालबाग के रौन गांव में मडुवा प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया। जिसमें विज्ञानियों ने किसानों को मडुवा उत्पादन बढ़ाने के लिए नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। मिलेट फील्ड डे और किसान वैज्ञानिक संवाद भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव की 30 से अधिक महिला कृषकों ने हिस्सा लिया। मौके पर वरिष्ठ वैज्ञानिक और मिलेट प्रजनक डॉ. दिनेश चंद्र जोशी ने कहा कि हम किसानों को सशक्त बनाने के लिए वीएल मडुवा 400 जैसी उन्नत तकनीकों को पेश कर रहे हैं। यहां डॉ. राजेंद्र मीणा, डॉ. कुशाग्रा जोशी, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. देवेंद्र शर्मा, भूपेंद्र चौहान, हरीश चंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

### परचून की दुकान में शराब बेचने पर आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। सोमेश्वर पुलिस ने परचून की दुकान में अवैध तरीके से शराब की बिक्री करने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि सोमेश्वर पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भंवरी रनमन में परचून की दुकान में प्रमोद सिंह भंडारी के कब्जे से 144 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सोमेश्वर में आबकारी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की गई। यहां पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक लोमेश कुमार, कांस्टेबल सूरज बोरा आदि शामिल रहे।

### आज लगने वाला दिव्यांग शिविर स्थगित

**टनकपुर :** मुख्य चिकित्साधिकारी देवेश चौहान ने बताया कि उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में 26 सितंबर को प्रस्तावित दिव्यांग शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि उक्त शिविर अब अक्टूबर माह के चौथे बुधवार को पूर्व निर्धारित स्थान जिला चिकित्सालय टनकपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पात्र व्यक्तियों को आयोजित होने वाले उक्त शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### टनकपुर-चम्पावत एनएच आज भी बंद रहेगा

**टनकपुर :** जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे द्वारा बुधवार को एनएच के अधीक्षण अभियंता के साथ टनकपुर–चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के किलोमीटर 106 स्वाला में सड़क खोलने के कार्यों का निरीक्षण किया। लगातार मलबा आने से सड़क खोलने में दिक्कतें हो रही हैं। इसी वजह से प्रशासन ने मंगलवार और बुधवार को इस मार्ग पर सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। गुरुवार 26 सितंबर को भी यह मर्ग सभी वाहनों के लिए बंद रहेगा।

### स्पर्श आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन कल

**टनकपुर :** रक्षा लेखा महानियंत्रक, दिल्ली एवं रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, सीमा सड़क संगठन दिल्ली के समन्वय से 27 सितंबर शुक्रवार को पूर्व सैनिकों एवं पारिवारिक पेंशनरों के स्पर्श ( पेंशन ) सम्बन्धी कठिनाइयों के समाधान हेतु स्पर्श आउटरीच कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक सैनिक विश्राम गृह निकट पिथौरागढ़ चुंगी, ककराली गेट टनकपुर चंपावत में होगा। सुनील पांडे एसीडीए लेखा कार्यालय हीरक ( परियोजना ) टनकपुर ने बताया कि कैंप में पेंशनरों की स्पर्श संबंधी दिक्कतों को दूर किया जाएगा।

### ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि के सृजन की कथा का किया वर्णन

**टनकपुर :** टनकपुर गांधी मैदान में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मथुरा से आए कथा व्यास अनंतदास जी महाराज ने मनुष्य के जन्म, सृष्टि में प्रलय और ब्रह्मा जी द्वारा पुन: सृष्टि के सृजन की कथा का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग में भक्ति से हम अपना जीवन सुखी बना सकते हैं। कमेटी के सचिव मयंक पंत ने बताया कि कथा के चौथे दिन ( 26 सितंबर ) व्यास द्वारा प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। साथ ही भगवान राम और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर संजय पांडे, संरक्षक संजय अग्रवाल, ओमकार सिंह, संस्थापक विशाल अग्रवाल, नीरज सिंह, चंद्रप्रकाश गुप्ता, गौरव गुप्ता, अमित परवेज, करन शर्मा, विपिन गुप्ता, कल्पना आर्य, पूनम कोहली, पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल, नेहा पांडे रहे।


अल्मोड़ा में पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते भजपाई।

### अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**अल्मोड़ा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती धूमधाम से मनाई। दीन दयाल उपाध्याय पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें याद किया। बुधवार को कार्यक्रम वक्ताओं ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की संकल्पना से समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात कही थी। इसका भारतीय जनता पार्टी निरंतर अनुसरण कर रही है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक कैलाश गुरुरानी, निर्वतमान डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लीला बोरा, अजय वर्मा, दिनेश मठपाल, सलमान अंसारी, नेहा उप्रेती आदि रहे।

# डीएम ने दिए पार्किंग निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने नगर में निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समय का ध्यान रखनो को कहा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** डीएम आलोक कुमार पांडे ने अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन पार्किंगों का स्थलीय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पार्किंग निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि समय पर सुविधाएं मुहैया हो सके। उन्होंने पार्किंग निर्माण के दौरान अल्मोड़ा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का भी विशेष ध्यान रखने पर खासा जोर भी दिया है।

डीएम ने ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास बन रही पार्किंग को देखा और निर्देश दिया कि पार्किंग के बगल में आम जनता के लिए मार्ग को सुधारा जाए। उन्होंने बाजार क्षेत्र में सभी पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया और जनता से बातचीत कर पार्किंग व्यवस्था से संबंधित उनकी राय और सुझाव प्राप्त किए। जनता को विश्वास दिलाया कि इन पार्किंग परियोजना से बाजार क्षेत्र में यातायात की समस्या का समाधान होगा और शहर में आने-जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम चंद्र सिंह मर्तोलिया, एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, ईओ नगर पालिका भरत त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में डीएम ने निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। ● अमृत विचार

### जागेश्वर धाम में खोला जाएगा संस्कृत विद्यालय

**अल्मोड़ा :** डीएम आलोक कुमार पांडे ने सचिव संस्कृत शिक्षा उत्तराखंड शासन को पत्र भेज जागेश्वर धाम में संस्कृत विद्यालय खोलने का अनुरोध किया है। डीएम ने बताया कि संस्कृत विद्यालय खोलने के लिए क्षेत्रीय जनता भी लंबे समय से मांग कर रही है। संस्कृत विद्यालय खुलने से क्षेत्रीय जनता की मांग की पूर्ति के साथ साथ अल्मोड़ा की सांस्कृतिक विरासत को भी संजोए रखने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में कोई भी संस्कृत विद्यालय नहीं होने से यहां के बच्चों को अन्य स्थानों में जाना पड़ता है। जागेश्वर धाम क्षेत्र में संस्कृत विद्यालय खुलने से यहां के बच्चों को संस्कृत की शिक्षा के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा व जो परिवार आर्थिक रूप से अक्षम होने या अन्य किन्हीं कारणों से अपने बच्चों को संस्कृत की शिक्षा के लिए बाहर नहीं भेज पाते हैं, उन्हें भी संस्कृत की उचित शिक्षा का अवसर प्रदान होगा।

### डीएम ने किया कौसानी व बैजनाथ क्षेत्र का दौरा

**बागेश्वर :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को गरुड़ तहसील के कौसानी व बैजनाथ क्षेत्र का दौरा किया। सबसे पहले जिलाधिकारी कौसानी अनाशक्ति आश्रम पहुंचे और राष्ट्रपिता गांधी जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने कौसानी की पेयजल योजना की जानकारी ली। कहा कि पर्यटकों को सुविधाएं देने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें। केंद्रीय विद्यालय कौसानी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे जिनका बच्चों ने जवाब दिया। कौसानी में डीएम ने विश्राम गृह की व्यवस्थाओं को देखा। गांधी स्मारक निधि के व्यवस्थापक एडवोकेट कृष्ण सिंह बिष्ट व होटल एसोसिएशन के बीडी जोशी ने उन्हें कौसानी की समस्याओं के बारे में बताया। डीएम ने यहां ईको पार्क व कार पार्किंग के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि कौसानी पर्यटन के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखता है। ऐसे में यहां मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाना जरूरी है।



चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय।

# उद्यमियों की समस्याओं को शीघ्र हल करें: डीएम

संवाददाता, टनकपुर

▸▸ जिला उद्योग मित्र की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिला उद्योग मित्र की बैठक में डीएम नवनीत पांडेय ने जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक को उद्यमियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

चम्पावत कार्यालय सभागार में बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति के तहत पात्र लोगों को नीति के बारे में बताया जाए। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति तथा विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति पर भी चर्चा की गई। उद्यमियों ने अपनी समस्याओं को बैठक में रखा। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अमित भाकुनी ने उद्योग मित्र योजना के तहत जनपद में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## मैराथन से दिया स्वच्छता का संदेश

**रानीखेत :** भारत सरकार गृह मंत्रालय के तत्वावधान व एसएसबी के आईजी अमित कुमार के निर्देशन में विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अंतर्गत बल की ओर से मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन की शुरुआत सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल परिसर के मुख्य द्वार से उप महानिरीक्षक ने दुर्गा बहादुर सोनार ने बल के अधिकारियों व जवानों को हरी झंडी दिखाकर की। मैराथन का समापन गांधी चौक रानीखेत पर किया गया। इस अवसर पर गांधी चौक पर नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा का संदेश भी दिया गया। मैराथन में एसएसबी के जवानों के साथ उप महानिरीक्षक दुर्गा बहादुर सोनार, कमांडेंट देवाशीष पाल आदि रहे।

# पवन हंस कंपनी की टीम ने लिया हेलीपेड का जायजा

▸▸ हेली सेवा मिलने की बड़ी उम्मीद

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** गरुड़ स्थित हेलीपेड का पवन हंस हेली कंपनी के अधिकारियों ने तहसील प्रशासन के साथ हेलीपेड का दौरा किया तथा हवाई सेवा संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि आसपास कुछ चीड़ के पेड़ों की छंटनी करानी होगी। हेलीपेड उड़ान के लिए उपयुक्त है। उन्होंने शीघ्र डीपीआर भेजने की बात कही।

गरुड़ में लंबे समय से हेलीसेवा सुचारू करने के प्रयासों में तेजी आई है। विगत सप्ताह जिलाधिकारी आशीष भटगाई के निरीक्षण के बाद बुधवार को पवन हंस के संयुक्त महाप्रबंधक पीके मारगन यहां पहुंचे तथा उन्होंने उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा के साथ हेलीपेड का दौरा किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी से हेलीपेड के आसपास की भूमि आदि की जानकारी ली। महाप्रबंधक ने कहा कि हेलीसेवा के लिए हेलीपेड उपयुक्त है। उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि हेलीपेड की डीपीआर अक्टूबर माह तक मिल जाएगी। इसके बाद निर्माण संबंधी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पवन हंस की टीम के आनेव जिला प्रशासन की सक्रियता को देखते हुए जिले से प्रमुख स्थानों के लिए हवाई सेवा शुरू होने की उम्मीद जगी है।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया, भर्ती मरीजों को बांटे फल

▸▸ जिला, महिला और बेस में भर्ती मरीजों को बांटे फल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मेसी सदन बेस में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एशोसिएशन की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। वहीं फार्मासिस्टों ने जिला अस्पताल, महिला अस्पताल समेत बेस अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल बांटे।

बुधवार को बेस फार्मसी सदन में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने एक स्वस्थ्य दुनिया के लिए फार्मसी एकजुट थीम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वही, वक्ताओं ने कहा कि आज फार्मासिस्ट का कार्य क्षेत्र और भी व्यापक हो गया है। कहा कि आज स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में फार्मासिस्ट अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। इस मौके पर कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और फार्मासिस्ट के रूम में मानव सेवा का संकल्प लिया। यहां जीएस कोरंगा, उमेश पाटनी, मनोहर मेहता, सीएस मेहरा, एमसी अधिकारी, केसी बिष्ट, प्रदीप तिवारी, कैलाश पपने, आनंद पाटनी, रमेश पाटनी, गजेंद्र कुमार पाठक, डीके जोशी, कैलाश जोशी, शुभम दुर्गापाल, डीके पांडे, हेम उपाध्याय आदि रहे।


अल्मोड़ा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारी।

# बमनगांव की भावना बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

संवाददाता, बैरती ( अल्मोड़ा)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के बमनगांव निवासी भावना फुलारा पुत्री कैलाश फुलारा व दीपा फुलारा हाल निवासी इंदिरा नगर लखनऊ का केआर मंगलम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम ( हरियाणा ) में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों ने खुशी व्यक्त कर उन्हें व परिवार को बधाई दी है।


भावना फुलारा।

भावना की प्रारम्भिक शिक्षा लखनऊ के कनौसा कॉन्वेंट स्कूल से शुरू हुई। उच्च शिक्षा लखनऊ के ही सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल से प्राप्त की। वर्तमान में भावना फुलारा गुरुग्राम हरियाणा में बीम इंजीनियरिंग एंड आर्किटेक्ट' कम्पनी में कार्यरत हैं। भावना की दादी, चाचा मोहन चंद्र, मंगल फुलारा बमनगांव ( महाकालेश्वर ) में परिवार सहित रहते हैं। भावना फुलारा के पिता लखनऊ के आवास विकास परिषद में कम्प्यूटर अनुभाग में बतौर कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत हैं और माता दीपा फुलारा गृहणी है। भावना फुलारा के असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर बीएसएनएल के सलाहकार सदस्य कुंदन बिष्ट, चन्दन भंडारी, दीवान सिंह किरौला, विपिन चन्द्र, जीवन सिंह, केएन जोशी, दीपक नेगी, हीरा सिंह, हिम्मत सिंह, उम्मेद सिंह, विजय जोशी, कैलाश चंद्र, लक्ष्मी दत्त, भुवन चंद्र, पूरन चंद्र, अमरनाथ फुलारा, चन्द्र शेखर, लीलाधर फुलारा, अनीता देवी, मनीषा बिष्ट, जगदीश चन्द्र आदि ने बधाई दी है।

# शिक्षकों के पद खाली होने से जनता में रोष

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ रिक्त पदों को भरने की मांग को सीईओ को ज्ञापन भेजा

▸▸ जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**अमृत विचार :** विकासखंड भैंसियाछाना के राइंका खाटवे में लंबे समय से रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती नहीं होने से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश है। नाराज क्षेत्रीय जनता ने सीईओ को ज्ञापन भेज जल्द शिक्षकों की तैनाती की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

क्षेत्र पंचायत सदस्य नाली नवीन दुर्गापाल ने बताया कि विद्यालय में अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, कला और सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। इससे विद्यालय में पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ग्रामीणों ने खाटवे इंटर कालेज में शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती के लिए नौ दिन तक धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद शासन प्रशासन की ओर शीघ्र शिक्षकों की तैनाती का आश्वासन दिया गया। लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। चेतावनी देते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षा विभाग की तरफ से रिक्त पदों के लिए काउंसिलिंग कराई जा रही है। इसके बाद भी शिक्षकों की तैनाती नहीं होने पर मजबूरन स्कूल में तालाबंदी और आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।

## उत्तर प्रदेश

# भाई से भिड़ी तो प्रेमी से करानी पड़ी शादी

**जिद की जीत**

- पीटा तो बुला दी पुलिस, भाई को जेल भिजवाने की जिद पर अड़ी
- पुलिस चौकी में हुआ जमकर हंगामा, नहीं मानी किसी की बात

**ग्रामीणों और पुलिस के समझाने पर**

- माने परिजन, करा दी शादी

संवाददाता, ढकिया (रामपुर)

**अमृत विचार :**अपनों की जिद के आगे परिजनों को झुकना ही पड़ता है। ऐसा ही एक मामला यहां एक गांव में देखने को मिला। क्षेत्र के एक गांव की युवती प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी के घर जा पहुंची।

युवती के प्रेमी के घर पहुंचने पर गुस्साए भाई ने बहन को प्रेमी के घर से बुलाकर उसकी पिटाई की। इससे गुस्साई युवती ने पुलिस बुला ली और भाई पर कार्रवाई की मांग करने लगी। पुलिस युवती के आरोपी भाई को पकड़ कर ढकिया चौकी ले गई। जहां युवती भाई को जेल भिजवाने की जिद पर अड़ गई। लेकिन पुलिस व कुछ ग्रामीणों ने युवती को समझा-बुझाकर प्रेमी से ही उसकी शादी करा दी। बाद में मामला शांत हो गया।

ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव में 14 सितंबर से चार दिवसीय मेला लगा हुआ था। इस गांव की एक युवती का 3 वर्षों से गांव के ही दूसरी बिरादरी के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके चलते युवती मेले के दौरान प्रेमी के घर जा पहुंची। प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। युवती के भाई को दूसरी बिरादरी के युवक से शादी करना अच्छा नहीं लगा। इस पर भाई ने बहन को प्रेमी के घर से बुलाकर उसकी पिटाई कर दी। इससे गुस्साई युवती ने फोन कर पुलिस को अपने घर बुला लिया। वह भाई को जेल भिजवाने के बात करने लगी। भाई-बहन का विवाद देख पुलिस दोनों को ढकिया पुलिस चौकी ले आई। यहां भी युवती ने पुलिस से अपने भाई को जेल भेजने के लिए कहा।

मामला प्रेम प्रसंग का देख कुछ ग्रामीण भी ढकिया पुलिस चौकी पहुंच गए। यहां पुलिस व ग्रामीणों ने जब युवती को समझाने का प्रयास किया तो उसने कहा कि वह भाई को तभी माफ कर सकती है, जब उसकी उसके प्रेमी से कोर्ट मैरिज करा दी जाए। युवती जिद पर अड़ी देख ग्रामीणों व पुलिस ने उसके भाई और परिजनों को समझाया।

ग्रामीण व पुलिस से शादी कर लेने की इजाजत मिलने के बाद युवती ने भाई को माफ किया। ग्रामीणों के अनुसार, युवती की उसके प्रेमी से शादी करा दी गई है। शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि युवक और युवती का प्रेम प्रसंग था। युवती के भाई ने प्रेमी के घर से बुलाकर उसे पीट दिया था। युवती भाई को जेल भेजने की मांग कर रही थी। लोगों ने मिलकर दोनों को विवाह करा दिया है। इसके बाद मामला निपट गया है।

**10 युवतियां दूसरी बिरादरी में कर चुकी हैं शादी**

क्षेत्र के जिस गांव में जिद पर अड़ने के बाद युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते दूसरी बिरादरी के युवक से शादी की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में अब तक 10 युवतियां दूसरी बिरादरी के युवकों से शादी कर चुकी हैं। गांव में प्रेम प्रसंग के चलते शादी होना, अब आम बात हो गई है।

## दो लोगों हत्यारे को आजीवन कारावास

**रामपुर, अमृत विचार:** रंजिश के चलते दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एडीजे तृतीय की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और 10 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मियां जान निवासी महबूब खां के अनुसार, 8 अक्टूबर 2000 को अपने चेचेरे भाई बच्छन खां की दुकान पर था। इस बीच रंजिश के चलते आरोपी कमर, नन्नों, गुड्डू और जमीर दुकान पर आ गए थे। उनके पर फायरिंग कर दी थी। इससे बच्छन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उनके पड़ोसी हसन खां पर भी गोली चला दी थी। इससे उसकी भी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को कोर्ट ने दोषी कमर को आजीवन कारावास और 10 हजार का जुर्माना लगाया है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गो तस्कर घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ गांव बिढ़ऊ तिराहे पर हुआ पुलिस और गो-तस्करों का आमना-सामना

**अमृत विचार :** पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से 25 हजार का इनामी गो तस्कर घायल हो गया। पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज हो रहा है। इसके अलावा पुलिस ने फरार हुए गो तस्कर को भी पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मंगलवार रात केमरी थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान केमरी से मनकरा रोड पर ग्राम बिढ़ऊ तिराहे पर मनकरा की ओर से एक बाइक पर सवार दो लोग आ रहे थे। पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया तो बाइक लेकर भागने लगे। लेकिन इस बीच बाइक अनियंत्रित होकर तिराहे के पास फिसल गई। तभी बाइक सवार दोनों व्यक्तियों ने पुलिस पर फायर कर दिए। इस पर थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बचाव में आरोपियों पर फायर कर दिए। इस दौरान गांव सोनकपुर थाना टांडा निवासी गौस मोहम्मद के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

मौके पर दूसरा आरोपी इरफान निवासी गांव फरीदपुर रसूलपुर थाना स्वार को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी गौस मोहम्मद के पास से एक तमंचा, एक कारतूस बरामद हुआ है। इरफान के पास से एक तमंचा, एक कारतूस एक बाइक बरामद हुई है।

## गैर इरादतन हत्या में चार लोगों को 8-8 साल की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैर इरादतन हत्या में चार लोगों को 8-8 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

डीजीसी क्रिमिनल राहुल दीक्षित ने बताया कि जुनावई थाने के गांव खेड़ा चित्ती खालसा उमरा निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह 9 मार्च 2020 को खेत पर फसल देखने गए थे। जहां गांव के ही दुर्वेश, वेद प्रकाश उर्फ देव प्रकाश, नंदराम व राम प्रकाश ने उन्हें लाठी-डंडों से जमकर पीटा। संभल अस्पताल ले जाते समय किसान विजेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर पीताम्बर ने उक्त चारों के विरुद्ध गुन्नौर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2445, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2010, सूरज 1955, अवसर 2030, राग गोल्ड 2100, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2100, मोर 2125, चक्र टिन 2215, ब्लू 2175, आशीर्वाद मस्टर्ड 2340, स्वास्तिक 2415 ।किराना– ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल–_ ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा- निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा




### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5600 मसूरी– 5000 बासमती– 9000 परमल– 3700

दाल दलहन :काला चना– 8800 साबुत चना दाल– 9200समूंग साबुत– 10200 राजमा– 13000–16000 दाल उड़द– 10200 साबुत मसूर दाल– 7400 मसूर दाल– 9000 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 13500–16000 अरहर दाल– 15800 लोबिया/ करमानी– 8400 सोयाबीन– 5100 मूंगफली– 11900 मटर (सूखी)– 5950 मक्का– 3700

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित) |

# ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम पर सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

# कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय



देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### शिवाजी की नई प्रतिमा के लिए निविदा जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने के बाद, वहां 60 फुट ऊंची नयी प्रतिमा के लिए निविदा जारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई प्रतिमा का आकार पिछली प्रतिमा से दोगुना होगा। प्रतिमा 20 करोड़ में बनाई जाएगी और सरकार ने इसके लिए छह महीने की समय सीमा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था जो 26 अगस्त को तेज हवा से गिर गई थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

# कांग्रेस बर्बाद कर देगी हरियाणा : मोदी

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर बोला हमला

सोनीपत, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि अगर वह गलती से भी हरियाणा में सत्ता में आ गई तो उसकी अंदरूनी कलह से स्थिरता और विकास दांव पर लग जाएगा और यह राज्य को बर्बाद कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा और आरोप लगाया कि आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उसके डीएनए में है। कांग्रेस सरकारें अस्थिरता के लिए जानी जाती हैं।

मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ सालों में जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनीं, मुख्यमंत्री और मंत्री अंदरूनी कलह में शामिल रहे। तेलंगाना और हिमाचल में भी यही कहानी है। मोदी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उसकी अंदरूनी कलह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि याद रखिए, अगर कांग्रेस गलती से भी सत्ता में आ गई तो वह हरियाणा को बर्बाद कर देगी। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा। कांग्रेस के शाही परिवार से जो भी प्रधानमंत्री बना, उसने हमेशा आरक्षण का विरोध किया। आरक्षण का विरोध और नफरत कांग्रेस के डीएनए में है। ये तो बाबासाहेब आंबेडकर थे, जिन्होंने दलितों को आरक्षण दिया। वरना ओबीसी की तरह आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता।


हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- आरोप लगाया- आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उनके डीएनए में

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

### दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को लगाई फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

### चिकित्सा के छात्रों को बॉण्ड भर एक साल देनी होंगी सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (जीएनसीटी) सरकार के तहत आने वाले चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष तक सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा। यदि कोई छात्र एक वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी नहीं करता है, तो ये बॉण्ड जब्त कर लिए जाएंगे। स्नातक वालों को जूनियर रेजिडेंट जबकि पीजी करने वालों को सीनियर रेजिडेंट के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करने पर सड़कों पर उतरेंगे : राहुल

जम्मू, एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन संसद में अपनी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा। कांग्रेस नेता ने जम्मू की रैली में कई मुद्दों पर भाजपा का घेराव भी किया।

जम्मू की रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया था। ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था और मैं गारंटी देता हूं कि अगर भाजपा राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है, तो हमजम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में पूरी ताकत लगाएंगे और सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के माध्यम से बाहरी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। यही वजह है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य का दर्जा बहाल होना आपका अधिकार और आपका भविष्य है तथा जम्मू कश्मीर इसके बगैर आगे नहीं बढ़ सकता।



- जम्मू की रैली में विपक्ष के नेता ने भाजपा का किया घेराव

# फीस जमा न होने से आईआईटी सीट गंवाने वाले युवक को शीर्ष मदद का आश्वासन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये जमा नहीं करा पाने पर युवक ने गवां दी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी मेहनत के बाद अंतिम प्रयास में आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उस गरीब दलित युवक को मदद का आश्वासन दिया है, जो धनबाद स्थित संस्थान में अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये फीस जमा नहीं करा सका और सीट गंवा दी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को 18-वर्षीय अतुल के वकील से कहा कि हम आपकी यथासंभव मदद करेंगे, लेकिन आप तीन महीनों से क्या कर रहे थे, क्योंकि शुल्क जमा करने की निर्धारित समय सीमा 24 जून को समाप्त हो गई है। युवक के माता-पिता ने सीट बचाने को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण और मद्रास हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। युवक के वकील ने बताया कि कुमार ने अपने दूसरे और अंतिम प्रयास में जेईई एडवांस्ड पास कर लिया और अगर शीर्ष अदालत उसकी मदद नहीं करती है तो वह परीक्षा में फिर से शामिल नहीं हो पाएगा।

# गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

### आरएसएस ने चूहों की तरह की राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की और भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने विशेष तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया। रांची से ऑनलाइन माध्यम से भोगनाडीह जनसभा में सोरेन ने कहा कि आरएसएस चूहों की तरह राज्य में घुसपैठ कर इसे बर्बाद कर रहा है। जब आप उन्हें गांवों में हंडिया और दारू के साथ दाखिल होते देखें तो खदेड़ दें...वे चुनाव से पहले सांप्रदायिक अशांति और तनाव पैदा करना चाहते हैं।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

## जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



● 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।

## ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



## ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा जिसमें शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर और तीसरे नंबर के खिलाउी कार्लोस अल्काराज भाग लेंगे।

### भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि एआईएफएफ ने अभी मैच के आयोजन स्थल पर कोई फैसला नहीं किया है और कहा कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। मलेशिया वर्तमान में फीफा (अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) रैंकिंग में 132वें जबकि भारत 126वें स्थान पर है। दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2023 में हुई थी जिसमें भारत को 2-4 से हार मिली थी।

### मकाऊ ओपन: श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

### जैस्मिन ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के साथ यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली। पिछले साल पेशेवर बनने वाली 19 साल की जैस्मिन ने सात बर्डी और एक बोगी से छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। जैस्मिन ने टूर पर कई बार की विजेता अनुभवी रिद्धिमा दिलावरी (69) पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। अनुभवी खिलाड़ी हिताषी बक्शी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद और टूर पर पिछली चार में से तीन प्रतियोगिता जीतने वाली विधात्री उर्स और गौरिका बिश्नोई तीनों एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### महिला टी-20 विश्व कप : 18 से कम उम्र वालों को मुफ्त प्रवेश

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।



कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे: हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की शृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

## धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

● उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

## एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

● स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है। सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।

### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।

## ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह शृंखला में 2-1 से आगे है। शृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## चोटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुन: निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है।



इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

वाशिंगटन, एजेंसी

● एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

## सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

ढाका, एजेंसी

● जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

## भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

खगोल विज्ञान | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।